# देशबन्धु

रूप चौदस आज जबलपुर, शनिवार 11 नवम्बर 2023 | वर्ष – 68 | अंक – 03 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.







## सुप्रीम कोर्ट की पंजाब के राज्यपाल को खरी-खरी

# आग से खेल रहे हैं आप, सह गंभीर मामला

### राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर जताई नाराजगी



**अमृतसर,(एजेंसियां)।** पंजाब के राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा हमारा देश तय परंपराओं पर चलता है और उनका पालन किया जाना जरूरी है।

राज्यपाल की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा विधेयकों को मंजूरी नहीं देकर आप आग से खेल रहे हैं और विधानसभा सत्र बुलाने को असंवैधानिक करार दिया। लोकतंत्र के तहत मुख्यमंत्री और राज्यपाल को मिलकर काम करना चाहिए।

पीठ ने कहा अगर राज्यपाल को लगता है कि कोई विधेयक गलत तरीके से पास हुआ है तो उन्हें विधेयक को विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। पीठ ने राज्यपाल के वकील से पूछा अगर विधानसभा का कोई सत्र अवैध घोषित हो भी जाता है तो सदन द्वारा पास किया गया विधेयक कैसे गैरकानूनी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की तरफ से पास बिल को इस तरह नहीं अटकाया जा सकता। आप यह नहीं कह सकते कि ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## सतना की चुनावी रैली में बोले राहुल

# जनगणना के मुद्दे पर नहीं बोलते मोदी

### बेरोजगारी के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा



**सतना/बड़वानी,(एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। कभी भाजपा की तरफ से नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर हमला बोलते हैं, तो जवाब में कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी उन्हें अडानी के मामले में घेरते नजर आते हैं।

शुक्रवार को सतना में एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि देश और राज्य की सरकार को अफसर चलाते हैं। जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, उस राज्य में युवा बेरोजगार है। मध्य प्रदेश में ओबीसी की सरकार नहीं है, इस राज्य में ओबीसी की कोई भागीदारी नहीं है। मोदी जी हजारों करोड़ रुपए के हवाई जहाज में जाते हैं, करोड़ों रुपए का सूट पहनते हैं और कहते हैं कि हम ओबीसी हैं। राहुल गांधी ने जातीय जनगणना पर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जैसे हमने जातीय जनगणना की बात की है मोदी जी खुद को ओबीसी बोलने लगे पर जनगणना के मुद्दे पर वह बोलते हैं कि हिन्दुस्तान में कोई जाति नहीं है। नरेंद्र मोदी हर ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर





डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## जम्मू कश्मीर में हिमपात, बारिश के कारण सड़कें बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश हुई जिसके कारण कयी सड़कें बंद हो गईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राजदान दर्रा, पीर की गली, जोजिला दर्रा, सिंथन टॉप, सोनमर्ग, गुलमर्ग, दूधपथरी, कुलगाम और माछिल सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश हुई। हिमपात के कारण राजदान दर्रा, जोजिला दर्रा, किश्तवाड़-अनंतनाग रोड, दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली मुगल रोड, कुपवाड़ा में फिरकियान गली, माछिल और श्रीनगर-सोनमर्ग रोड समेत कई सड़कों पर यातायात बंद हो गया।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: हरकेश कुमार चौधरी
ग्राम कांटी पोस्ट कांटी तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी

राजनीतिक दल का नाम : बहुजन मुक्ति पार्टी

निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 92 विजयराघवगढ़

मैं हरकेश कुमार चौधरी (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल जज सीनियर डिवीजन विजयराघवगढ़ जिला कटनी | RCT/ 321/2023 | लंबित है | 294, 323, 324, 427, 506, 325, 34 IPC मारपीट, गालीगलौज, झगड़ा, जान से मारने की धमकी |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: प्रणय पाण्डेय ग्राम सिमरापटी, तह. बहोरीबंद जिला कटनी म.प्र.

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा निर्वाचन-2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बहोरीबंद - क्रं. 94

मैं प्रणय पाण्डेय (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ :

(अ) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों और धारा (ओ) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | म.प्र.एम.एल.ए. न्यायालय जबलपुर | एस.सी.पी.पी. एम-18/22 दिनांक 3.1.2018 लंबित है | लंबित है | भा.द.सं. 1860 धारा 34 भा.द.सं. 1880 धारा 186 |

राज्य परिषद के निर्वाचन विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ANNEXURE 47
FORMATS C-1 TO C-8 and CA
Format C-1
Declaration about criminal cases
(As per the judgement dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Intrest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: SANJAY SATYENDRA PATHAK
Vill : Barmani, Tehsil : Barhi, Dist : KATNI (MP)
Name of political party: BHARATIYA JANTA PARTY
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : 2023 MADHYA PRAESH VIDHAN SABHA
*Name of Constituency 92 VIJAYRAGHAVGARH
I, SANJAY SATYENDRA PATHAK Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of Case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2nd Additional Judge to 1st Civil Judge, Senior Division cum JMFC, Katni, M.P. | Case No. UNCR 990/2022 Dated | Hon'ble High Court passed an interim order on 14-09-2023 and the said interim relief is still in force and continued | Section 294, 323, 365, 366 & 506 Part II of IPC. In Complaint Case No. UNCR 990/2022 Ravi Gupta Vs SanjayPathak & others 2nd Additional Judge to 1st Civil Judge, Senior Division cum JMFC, Katni, M.P. takes cognizance and directs for the registration of case and then transfers it to the court of Special Magistrate (M.P./M.L.A.) Jabalpur, vide order dated 04/09/2023. However, the Learned Trial Court has been restrained from taking any action against the applicant, by the Hon'ble High Court vide Order dated 14-09-2023 passed in MCRC No. 40988/2023 and later on the said interim relief granted has been confirmed by the Hon'ble High Court vide Order dated 03-10-2023 and 18-10- 2023, and the said interim relief is still in force and continued. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date (s) of orders (s) | Description of office (s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

In the case of election of Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency

## लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकते : सुको

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी (एनसीआर) क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र और राज्यों से शुक्रवार को कहा कि इसके लिए वे दीर्घकालिक उपाय करें। दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि हम नतीजे देखना चाहते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सरकार से पूछा कि पिछले 6 साल से आप क्या कर रहे थे। पीठ ने कहा कि वह लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकती। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वह चाहती है कि खेतों में आग लगाने (पराली जलाने) से रोका जाए और पंजाब में चावल को प्रमुख फसल के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए उपाय किए जाएं। चावल के बदले को और फसल लगाने का विकल्प तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। शुक्रवार को बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आग से खेल रहे हैं

विधानसभा का सत्र ही गलत था। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार से पूछा कि विधानसभा के बजट सत्र की बैठक को स्थगित क्यों किया गया, अनिश्चितकाल के लिए सत्रावसान क्यों नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा कि हमारा देश स्थापित परंपराओं पर चल रहा है और उनका पालन किया जाना चाहिए। पंजाब में जो हो रहा है हम उससे खुश नहीं हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है। पंजाब सरकार ने 19 और 20 जून को विधानसभा का सत्र बुलाया था। इस सत्र में एसजीपीसी संशोधन बिल, आरडीएफ फंड पेंडिंग, यूनिवर्सिटी चांसलर संबंधी विधेयक और पंजाब पुलिस एक्ट बिल पास हुए। हालांकि पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का कहना है कि पंजाब सरकार द्वारा जून में बुलाया गया विधानसभा सत्र असंवैधानिक है, इसलिए इस सत्र में किए गए काम भी असंवैधानिक हैं। इसके खिलाफ पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सरकार का कहना है कि अभी सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है तो सरकार जब चाहे सत्र बुला सकती है। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि कोर्ट उनको इस मामले में एक हफ्ते का समय दे। वह इस मामले में कोई न कोई हल निकाल लेंगे। ऐसे में बेंच ने उनसे सवाल किया कि अगर निकालना था तो अदालत आने की जरूरत क्यों पड़ी। इस पर सॉलिसटर ने कहा, उनको अगले हफ्ते सोमवार तक का समय दिया जाए। इस पर सीजेआई बोले हमें एक संक्षिप्त आदेश जारी करने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में 19 और 20 जून को बुलाई गई विधानसभा बैठक को वैध ठहराया। राज्यपाल से कहा कि वह इस दौरान पास किए गए विधेयकों पर फैसला लें। राज्यपाल सचिवालय ने दलील दी थी कि मार्च में बुलाई गए बजट सत्र को खत्म करने की बजाय स्थगित किया गया. जून में दोबारा बैठक बुलाए गई. यह गलत है. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्पीकर के पास ऐसा करने का अधिकार है. कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि विधानसभा सत्र को अनिश्चित काल तक स्थगित रखना भी सही नहीं है।

### जनगणना के मुद्दे...

रोज कोई न कोई नया कपड़ा पहनते हैं और कहते हैं कि हम ओबीसी हैं। राहुल ने अपने भाषण में अडानी के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार अदानी के लिए नहीं, किसान और मजदूर के लिए काम करेगी। अदानी देश के बाहर जाकर निवेश करता है. आपका सारा पैसा अंबानी और अडानी के पास जा रहा है. कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा दिया जिससे गरीबों को रोजगार मिला। राहुल गांधी ने भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव को भी दोहराया। उन्होंने कहा- भारत जोड़ो यात्रा में हमने देखा कि देश में कितनी बेरोजगारी है. इंजीनियरिंग करके भी वे कूली का काम कर रहे हैं। युवाओं में कोई कमी नहीं है। उनमें उर्जा है, वे देश को मजबूत करना चाहते हैं, सबसे कर्मठ युवा हमारे देश में हैं, लेकिन केंद्र सरकार बेरोजगारी पर कुछ नहीं कर रही है।

**तोमर के बेटे पर ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं** -राहुल गांधी ने जबलपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे का पैसे लेने का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें करोड़ों-अरबों की डील हो रही है, लेकिन ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स किसी ने भी कार्रवाई नहीं की। मोदी और सीएम शिवराज ने क्यों चुप्पी साध रखी है। क्या ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स सिर्फ कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई करने के लिए बने हैं। जबलपुर की तीन विधानसभा सीटों पर पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के बाद चुनावीसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने मोदी पर आरोप लगाया कि मोदी चुनाव जीतने के लिए खुद को ओबीसी बताते रहते हैं, लेकिन जब पिछड़ों के अधिकार की बात होती है, तो वह साफ मुकर जाते हैं।

ICC CRICKET WORLD CUP
INDIA 2023

### आज के मैच

आस्ट्रेलिया विरूद्ध बांग्लादेश
समय - 10.30 सुबह
इंग्लैंड विरूद्ध पाकिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल को कहा है विधेयकों का मंजूरी न देकर आप आग से खेल रहे हैं।

**चुहिया- हां प्रिये-** लोकतंत्र और प्रशासन के हित में बात तो सही है।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: विजयराघवेन्द्र सिंह-ग्राम-बड़वारा-कला, तह.-बड़वारा
जिला-कटनी-मध्यप्रदेश

राजनीतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : लागू नहीं

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : लागू नहीं

मैं लागू नहीं (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता/करती हूँ :

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगाई गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री द्वितीय अपर | 01 (एक वर्ष का कारावास) | 5000/- पांच हजार अर्थदण्ड |
| शून्य | सत्र न्यायाधीश | शून्य | शून्य |
| शून्य | कटनी (म.प्र.) | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**अनुलग्नक 47** **कोई भी मतदाता न छूटे**
**प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA**
**प्रारूप C-1**
**( अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )**

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

**अभ्यर्थी का नाम और पता** : नीरज सिंह ठाकुर (म.नं. 2337/144, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, शिव मंदिर के पास आस्था अपार्टमेंट, राईटटाउन, जबलपुर-482002)

**राजनीति दल का नाम** : भारतीय जनता पार्टी

**निर्वाचन का नाम** : विधान सभा

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 96-बरगी, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

मैं **नीरज सिंह ठाकुर**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

**(A) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.स | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ विशेष मजिस्ट्रेट (एम.पी.-एम.एल.ए.) जबलपुर म.प्र. | SCPPM 12/2018 अगली पेशी दि. 29/11/2023 | पंजीबद्ध होकर विचारण प्रारंभ किया गया है, आरोप तय होना है | 294, 353, 452, 506बी, 379 एवं 34 भा.दं.सं. परिवादी ज्योति सिंह (अभ्यर्थी की भाभी)बेवा.स्व नितिन सिंह द्वारा पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने के लिए घर में ही सास, जेठ आदि तक चोरी तथा उसे घर से निकालने हेतु जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़नायें देने बावत शिकायत थाना मदन महल में की जिस पर कार्यवाही न होने पर परिवाद न्यायालय में कार्यवाही बावत पेश किया गया जो पंजीबद्ध होकर विचारण प्रारंभ किया गया। |

**(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.स | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय(यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | लागू नही | लागू नही | लागू नही |

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: मांगी लाल पता- ग्राम चंदेरी पो. घाटपिपरिया जबलपुर

राजनीतिक दल का नाम : गोंणवाना गणतंत्र पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 96 बरगी

मैं मांगी लाल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ/करती हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विपिन भदोरिया VI अपर सत्र न्या. जबलपुर | पेशी-9/11/23 S.T.No. 565/23 | आरोप तर्क | 420, 467, 471, IPC |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |

# देश-प्रदेश

उवाच

## सरकार को विधायक नहीं अधिकारी चलाते हैं : राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार को विधायक नहीं, अधिकारी चलाते हैं। मध्यप्रदेश को 53 अधिकारी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पता लगाया है कि इनमें से मात्र एक अधिकारी ओबीसी है। राज्य में ओबीसी की आबादी 50 फीसदी है, पर भागीदारी 100 रूपए में से 33 पैसा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि राज्य में ओबीसी की सरकार है।



केंद्रीय मंत्री तोमर व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने भिंड के नयागांव में की सभा, बोले-

# कांग्रेस कहे तारे तोड़कर ला देंगे, तो विश्वास करोगे क्या



- कांग्रेस और उसके नेता देते हैं झूठी गारंटी
- बसपा का हाथी उप्र में हांफ रहा, मप्र में क्या कर

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कांग्रेस को लेकर कहा कि जो लोग बरसों तक सत्ता में रहने के बाद भी सड़क, बिजली और पीने का पानी नहीं दे सके, आज अगर वो कहें कि हम आसमान से तारे तोड़कर ला देंगे, तो विश्वास करोगे क्या? वहीं उन्होंने बसपा के संबंध में कहा कि बसपा का हाथी उत्तरप्रदेश में हांफ रहा है वो मध्यप्रदेश में क्या कर पाएंगे।

यह बात केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री तोमर शुक्रवार को भिंड के नयागांव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 9 सौ वचन दिये थे, लेकिन उनमें से 9 वचन भी पूरे नहीं किए। कांग्रेस ने कहा था किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर देंगे, किया क्या? कांग्रेस ने कहा था बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे, किसी युवा को दिया क्या? कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अगर दस दिनों में किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ, बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला, तो मैं 11 वें दिन मुख्यमंत्री बदल दूंगा, उन्होंने बदला क्या? कांग्रेस के राज्य के नेता झूठे और केंद्र के नेता भी झूठे। इसका मतलब है कांग्रेस झूठ की गारंटी है। श्री तोमर ने कहा कि 2003 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, तो उस समय राज्य सरकार के मंत्री के रूप में जिले के किसी गांव में डामर की पहली सड़क बनवाने का काम मेरे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई थी और उनकी इस योजना के अंतर्गत 6 लाख गांवों को सड़कों से जोड़ा गया। श्री तोमर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 लाख करोड़ की लागत वाले जल जीवन मिशन शुरू किया है, जिसमें हर घर में नल से जल से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशी नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने प्रदेश के मंत्री और विधायक के रूप में जितना काम किया है, उतना आजादी के बाद से अभी तक के सारे विधायकों ने मिलकर भी नहीं किया होगा। सभा को सांसद श्रीमती संध्या राय और स्थानीय पार्टी प्रत्याशी नरेंद्रसिंह कुशवाहा ने भी संबोधित किया। सभा के दौरान श्री तोमर एवं श्री शर्मा ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले सरपंच रामू कुशवाहा और पप्पू भाई का अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर जयप्रकाश राजौरिया, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक केशव सिंह भदौरिया, रवि सेन जैन, संजीव कांकर, डॉ रमेश दुबे, मायाराम शर्मा, ओमप्रकाश पुरोहित, आनंद बरुआ, अमृतपाल सिंह बघेल, पूर्व जिला महामंत्री सुंदर पाल सिंह, राजावत जण्डेल सिंह, अनिल कटारे, अनिल सिंह कुशवाह, उपेंद्र राजौरिया, अमित दुबे, सरोज जोशी, श्रीमती ज्योति बौहोरे, अशोक सिंह कुशवाहा, शैलेश नारायण सिंह कुशवाह मौजूद रहे।

### जनता फिर वह दौर नहीं देखना चाहेगी : शर्मा

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में चंबल क्षेत्र दुरावस्था के दौर से गुजरा है। डकैतों का इतना आतंक था कि शाम 6 बजे के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। 2003 में भाजपा की सरकार बनी, इसके बाद से ही ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश का विकास किया गया। लेकिन गलती से 15 माह के लिए कमलनाथ मुख्यमंत्री बन गए थे, तो प्रदेश को फिर उसी दुरावस्था में ले जाने का कार्य कर रहे थे। आप लोगों ने भी 15 माह के कमलनाथ के शासनकाल को भी देखा है। प्रदेश की जनता फिर वह दौर नहीं देखना चाहेगी। मध्यप्रदेश की जनता से कांग्रेस पार्टी और कमलनाथ को कोई सरोकार नहीं है। मिस्टर बंटाढार और करप्शन नाथ से मध्यप्रदेश को बचाने और भारत के स्वाभिमान व देश की सुरक्षा के लिए भाजपा को जिताएं।

## कांग्रेस नेता आज मनाएंगे 'अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली'



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता दीपोत्सव के पर्व को सामूहिक रूप से मनाएंगे। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मप्र कांग्रेस 'अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली' थीम के साथ एक आयोजन को आकार दे रही है, जिसमें प्रदेश की बहनें कांग्रेस के वचनों के साथ कांग्रेस सरकार मप्र में लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करेगी। इस आयोजन में आमजन भी सहभागिता करेंगे। श्रीमती श्रीनेत ने बताया कि यह आयोजन भोपाल में 11 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से तलैया स्थित काली मंदिर चौराहे से नीलम पार्क, लिली टॉकीज, पुलिस 7 वीं वाहिनी रोड होते हुए खटलापुरा मंदिर तक एक कलश यात्रा के रूप में आयोजित होकर सभा में तब्दील होगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार इंदौर में भी बेटियां और शहर के नागरिक वल्लभ नगर, राजकुमार ब्रिज होते हुए जंजीर वाला चौराहे पर पहुंचेंगे, वहां भी यह आयोजन सभा में तब्दील होगा।

श्रीमती श्रीनेत ने कहा कि अबकी दीवाली- किसान वाली, बेटियों वाली, बच्चों वाली, मुफ्त बिजली वाली, सेहत वाली, पुरानी पेंशन वाली, युवाओं, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों वाली होगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भोपाल और इंदौर के इन आयोजनों में कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री नेटा डिसूजा, राष्ट्रीय प्रवक्ता और आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुश्री सुप्रिया श्रीनेत, जिला शहर कांग्रेस कमेटी भोपाल के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, कांग्रेस नेता संजीव सक्सेना। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा, कांग्रेस नेता पंकज संघवी सहित दोनों शहरों के प्रमुख नेता शामिल होंगे।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई धनतेरस की पूजा

## प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ धनतेरस पूजन कर प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा, प्रेम शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गोटिया, राजेन्द्र सिंह राजपूत, माधव सिंह दांगी, सुरजीत सिंह चौहान, उमाकांत दीक्षित, श्रीमती श्वेता त्यागी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस दिव्यांगों को बनाएगी ब्रांड एम्बेसडर

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने वादा किया है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार द्वारा दिव्यांगों के सशक्तिकरण के प्रयास किए जाने के साथ दिव्यांगों को ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा। उन्होंने एक्स पर लिखा है, मध्यप्रदेश के दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर उन्हें सशक्तिकरण की राह पर आगे बढ़ाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं । दिव्यांगों की खुशहाली से मध्यप्रदेश में खुशहाली आएगी।

## भाजपा आज जारी करेगी घोषणा पत्र, नड्डा आएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी कल पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा की उपस्थिति में अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम दिया है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान अध्यक्ष श्री नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र खटीक, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहेंगे।





शिवराज ने की 11 सभाएं, कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना, कहा-

# राहुल मिस गाइडेड मिसाइल हैं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने 15 महीने के शासनकाल के दौरान कल्याणकारी योजनाओं पर ताला लगवा दिया था। जनहित की योजनाओं पर ताला लगाने वाली कांग्रेस पर मतदाता ताला दें। उन्होंने राहुल गांधी को दोहरे चरित्र वाला मस गाइडेड मिसाइल बताया।

श्री चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में कोतमा, अनूपपुर, मण्डला, बैहर, बालाघाट, परसवाड़ा, वारासिवनी, कटंगी, सीहोरा, भोपाल उत्तर और भोपाल मध्य विधानसभा समेत लगातार 11 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, ये छीनने वाले लोग हैं, अभी लुभावने वादे करने आएंगे। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी तो दोहरे चरित्र वाले नेता है, तुमने कहा, किसानों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन किसानों को तुमने डिफाल्टर बना दिया। उन्होंने कहा कि तुम नारी सम्मान की बात करते हो लेकिन तुम्हारे नेता रोज माता, बहन और बेटी का अपमान करते हैं। नीतीश कुमार अमर्यादित बयान देते हैं और तुम्हारे मुंह में ताला लगा रहता है। तुम भ्रष्टाचार की बात करते हो लेकिन भूपेश बघेल जैसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के गले में हाथ डालकर घूमते हो। तुम तो मिस गाइडेड मिसाइल हो राहुल गांधी, तुम कहते कुछ हो और करते कुछ हो। श्री चौहान ने प्रियंका-राहुल और कांग्रेस को लेकर कहा कि, मैं तो भैया और मामा हूँ अब कांग्रेस को मामा शब्द से भी बड़ी आपत्ति होने लगी है। बच्चें मुझे मामा कहते हैं तो प्रियंका और राहुल गांधी जलते हैं, इनको लगता है कि, बच्चें इन्हें क्यों मामा कहते हैं। कल प्रियंका जी कह रही थीं कि, मामा तो कंस भी थे, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि, प्रियंका जी इन रिश्तों की बारीकी को तुम नहीं समझोगी। मैं जहां से गुजरता हूँ छोटे-छोटे बच्चे मुझे मामा.. मामा कहकर पुकारते हैं उनको पता ही नहीं है कि, मुख्यमंत्री क्या होता है उन्हें तो सिर्फ ये पता है कि यह दुबला-पतला आदमी हमारा मामा है, लेकिन यह रिश्ते राहुल, प्रियंका तुम्हारी समझ में नहीं आ सकते ये अंतरात्मा के रिश्ते हैं। श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस ने सवा साल में ही सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी थी। संबल योजना बंद कर दी। बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के पैसे बंद कर दिए। हम बच्चों को अच्छे अंक लाने पर लैपटॉप देते थे इन्होंने वो भी बंद कर दिए।

अंतिम संस्कार के 5 के पांच हजार रूपए बंद कर दिए। बेटियों की शादी तो करवा दी लेकिन उन्हें पैसे ही नहीं दिए। वैसे तो कांग्रेस आएगी नहीं लेकिन आई तो ये लाड़ली बहना योजना भी बंद कर देंगे फिर ना लाड़ली बचेगी ना ही बहना बचेगी। ये सभी जोयनाओं पर ताला लगा देंगे। इसलिए कांग्रेस के सत्ता में आने वाले द्वार पर ही ताला लगा दो।

# इसरो ने जारी की तस्वीर : 824 किमी की ऊंचाई से रोशन दिखा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रकाश के एक सूत्र में बंधी यह तस्वीर हमारे एकता के संदेश को और ताकत देती है, और यह कहती है कि हमारा रंग-रूप, धर्म-संप्रदाय और भौगोलिक स्थितियां भले अलग-अलग हों, पर हम एक हैं। 5 दिन चलने वाले दीपोत्सव से ठीक पहले इसरो ने रात की यह विशेष तस्वीर जारी की।

### वो इलाके जो हो रहे रौशन

दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई कोलकाता, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर सहित देश के प्रमुख शहर राष्ट्रीय और कई छोटे कर और ग्रामीण इलाके नी से चमक रहे हैं। यह इन इलाकों के ज्यादा जनसंख्या पनत्व और प्रमुख गलियारों को सटीक तरीके से दर्शा रहा है।

### वो इलाके जो अंधेरे में हैं

देश के सबसे बड़े क्षेत्रफल वाले राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश और राजस्थान में वन क्षेत्र, रेगिस्तान, पहाड़ी इलाके, झील, नदियां ज्यादा हैं। इसलिए यहां अंधेरा दिखता है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में बहुत धुंधली रोशनी से पता चलता है कि कई इलाकों में बहुत कम आबादी है।



- तकनीक के जरिए हटाए बर्फ व बादल
- इसरो चीफ बोले, जहां रोशनी ज्यादा, वहां आबादी ज्यादा

दीपावली से ठीक पहले से 7 से 8 नवम्बर को 824 किमी की ऊंचाई से ली गई भारत की इन तस्वीरों को इसरो के हैदराबाद में बने नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) ने तैयार किया है। रोज पूरी धरती की रात की तस्वीरें नासा/ एनओएए सुओमी नेशनल पोलर-ऑर्बिटिंग पार्टनरशिप संयुक्त अभियान में तैनात विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर (वीआईआईआरएस) उपकरण (कैमरे) से ली जाती है। दुनियाभर में इन इमेजेज को अर्थ सिस्टम साइंस के अध्ययन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एनआरएससी ने इस स्पेशल इमेज को तैयार करने के लिए वीआईआईआरएस से मिली इमेजेज में चंद्रमा की रोशनी, बादल, एयरोसोल और पहाड़ों की बर्फ के रिफ्लेक्शन को बहुत सावधानीपूर्वक ठीक किया, तब यह सामने आई।

हरसूद, मांधाता और खंडवा की जनसभाओं में बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

## खंडवा को औद्योगिक क्लस्टर बनाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, महज 6 दिन बचे हैं, उसके बाद सत्ता बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अगर कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं को दबाने का प्रयास करेंगे तो उनका भी हिसाब किया जाएगा,किसी पर अत्याचार कांग्रेस सरकार में नहीं चलेगा, कांग्रेस गरीब, किसान, बेरोजगारों और महिलाओं सहित अन्य वर्गों के हित मे काम करेगी। कमलनाथ ने आज हरसूद, मांधाता और खंडवा की जनसभा को सम्बोधित किया। कमलनाथ ने कहा कि नौजवानों के भविष्य की जिम्मेदारी अब कमलनाथ की है, कांग्रेस की सरकार बनने पर हम खंडवा को औद्योगिक क्लस्टर बनाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि आप मुझे यह मौका जरूर देंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में किसान बिना खाद और बीज के, युवा बिना रोजगार के और महिलाएं बिना सुरक्षा के हैं तो फिर शिवराज सिंह चौहान किस काम के हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर हम महिलाओं को 15सौ रूपये महीने देने का काम करेंगे और 5सौ रूपये में गैस सिलेंडर देने का काम करेंगे।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**इंफाल, एजेंसी।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी। शुक्रवार सुबह चुराचांदपुर, बिष्णुपर और काकचिंग जिले की सीमा पर कुकी और संदिग्ध मैतेई बदमाशों वॉलंटियरों के बीच भीषण गोलीबारी की खबर है। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। सुरक्षाबलों को इस मुठभेड़ को लेकर सतर्क कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चुराचांदपुर, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों की सीमा पर स्थित सामान्य क्षेत्र लीसेंटमपाक तांगजेंग लाइकोन में भीषण गोलीबारी हुई।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुप्ता ने लगाया आरोप, कहा-

# भाजपा ने सागर के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया

**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता पर सागर जिले के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मध्यप्रदेश की 3 करोड़ नौजवान आबादी के रोजगार की कोई कोशिश नहीं की। श्री गुप्ता आज यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उनके साथ डॉ. संदीप सबलोक प्रदेश प्रवक्ता, आशीष ज्योतिषी, दिनेश पटेरिया प्रवक्ता, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, प्रदेश कांग्रेस सचिव सिद्धार्थ राजावत ने भी यहां स्थानीय समस्याओं को लेकर मीडिया से संवाद किया।

श्री गुप्ता ने भाजपा सरकार पर शिक्षा की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शासन में हजारों स्कूल बंद कर दिए गए। उन्होंने किसानों की आय दुगुनी करने वाले नारे पर भी सवाल उठाए कहा कि भाजपा ने किसानों से बड़ी संख्या में वादे किए लेकिन किसान होने के बाद भी न तो शिवराज और न ही उनकी सरकार अर्थव्यवस्था को समझ सकी। कुपोषण पर सवाल उठाते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के नौनिहाल बच्चों में कुपोषण की विकराल समस्या है, जो पहले मात्र दो-तीन जिलों तक सीमित थी आज प्रदेश की राजधानी सहित दर्जन भर जिलों में फैल चुकी है। श्री गुप्ता ने कहा कि महंगाई और अस्पतालों की चौपट व्यवस्था ने गरीबों का जीना दूभर कर दिया है। सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं हैं, डॉक्टर नहीं प्रदेश की जनता जनस्वास्थ्य को लेकर त्रस्त है। निजी अस्पतालों में लुटने के लिए मजबूर है।




**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव कॉलोनी मण्डला में मकान भवन क्र. एच. आई.जी. 167 श्री सुमित सिहारे पिता श्री श्याम कुमार सिहारे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.02.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री सुमित सिहारे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.08.2023 के माध्यम से श्री परशुराम धुर्वे पिता श्री परसू राम धुर्वे को विक्रय किया है श्री परशुराम धुर्वे एवं उक्त भवन क्र. एच. आई.जी. 167 उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वेद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**दुपहिया वाहन विक्रय की सूचना**

मैं शारदा प्रसाद झारिया निवासी वार्ड नं. 11 नगर परिषद बरेला जिला व तहसील जबलपुर का निवासी हूं। मेरी मोटर साइकिल mp20km 7024 माडल TVS स्टार है। यह मोटर साइकिल 13 वर्ष पहले बरबटी निवासी सीताराम आदिवासी को बेच दी है तथा सभी दस्तावेजों में हस्ताक्षर कर दिये हैं किन्तु अभी तक वाहन खरीददार द्वारा इसका ट्रांसफर नहीं कराया गया है अत: भविष्य में वाहन मालिक सीताराम आदिवासी द्वारा किसी यातायात नियमों का उल्लंघन करने अथवा दुपहिया वाहन द्वारा दुर्घटना घटित होने पर मेरी कोई जवाबदारी नहीं होगी। जिसकी यह सूचना में आम जनता को दे रहा हूं।

**सूचनाकर्ता**
**शारदा प्रसाद झारिया**
**वार्ड नं. 11 नगर परिषद बरेला जिला व तह. जबलपुर**

**नाम सुधार सूचना**

मैं आर्मी नं 2691418X रेंक एक्स हवलदार सलीम खान उम्र 45 वर्ष पिता श्री मती खान निवासी गांव श्याम गढ, तहसील मसूदा अजमेर राजस्थान पिन कोड 305623 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थाई निवास करता हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र की दसवीं की मार्कशीट एवं आधार कार्ड क्र. 4201 3579 4132 में मेरे पुत्र का नाम सदीक खान (SADIK KHAN) दर्ज हैं जो कि सही है। 3. यह कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम ( SADDIK KHAN) नाम दर्ज है जो की भूलवश गलत दर्ज हो गया है। 4. यह कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम (SADDIK KHAN) सुधार कर (SADIK KHAN) किया जावे।

**शपथकर्ता**
**सलीम खान**

र.नं.-1555

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 10/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ऐश्ली पी जेम्स पिता जेम्स पैट्रिक, श्री एमोश जेम्स पिता श्री ऐश्ली पी जेम्स ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-72 -ए बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 47000347, 1000389858 जलकर सर्विस 1002489444, 1000170293 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 450 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 400 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, त्याग पत्र के आधार पर निगम में दर्ज फिलोमिना उर्फ सिरोमणि पिता/पति जेम्स पैट्रिक (पेट्रिक) का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**

Susela एवं मेरी जन्म तिथि 01/07/1957 दर्ज हो गई है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Sushila Maruti Hajare एवं जन्मतिथि 01/01/1945 दर्ज है जो की सही है उक्त जन्मतिथि एवं नाम मेरी ही है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम Susela एवं जन्म तिथि 01/07/1957 के स्थान पर मेरा नाम Sushila Maruti Hajare एवं जन्म तिथि 01/01/1945 दर्ज की जाकर लिखा एव पढ़ा जाए।


## भारत-बांग्लादेश की नौसेना ने किया सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना और बांग्लादेश नौसेना के बीच बोंगोसागर-23 सैन्य अभ्यास हुआ। जिसका आयोजन सात नवम्बर से नौ नवम्बर तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया था। दोनों नौसेनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास संयुक्त गश्त की। साथ ही अंतरसंचालनीयता बढ़ाने के लिए समुद्री अभ्यास किया। इसके अतिरिक्त 7 से 9 नवंबर तक बंगाल की उत्तरी खाड़ी में 'भारतीय नौसेना और बांग्लादेश नौसेना संयुक्त गश्ती' का पांचवा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें दोनों नौसेना इकाइयों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ संयुक्त रूप से गश्त की।

## उत्तर प्रदेश में बस-ट्रक की भिड़ंत, छह लोगों की मौत

**गोरखपुर/कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर-कुशीनगर हाईवे पर जगदीशपुर के पास एक बस में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी है। इस हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए हैं। गुरूवार देर रात हुई इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी डीएम, एसपी, एसपी सिटी घायलों के अस्पताल पहुंचने पर इलाज की व्यवस्था बनाने में जुटे रहे, तो सीएमओ खुद जिला अस्पताल में मरीजों का उपचार में जुट गए। हालात यह थी कि एक एंबुलेंस मरीज को लेकर जिला अस्पताल पहुंचती तो दूसरी में मरीज को रेफर करके मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा था।

# अभिमत

*आईटी की दुनिया आज बहुत अलग है जिसमें मूर्ति और उनके द्वारा सह-स्थापित कंपनी इंफोसिस का काम और उनकी बात बहुत महत्व रखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मूर्ति की टिप्पणी आईटी सेवा क्षेत्र पर तुरंत लागू होगी जो वैश्विक बाजारों में भारत की भागीदारी में क्रांति लाते हुए अनिवार्य रूप से श्रम अदला बदली पर निर्मित मजदूरों का अड्डा रहा है। कुछ लोग तर्क देंगे कि यही कारण है कि कंपनी और इस क्षेत्र में कई लोग आईटी कर्मियों का श्रम निर्यात करने वाले पेशेवर बने रहे और बड़े पैमाने पर मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में विफल रहे।*

## उत्पादकता बढ़ाने के लिए मूर्ति का गैर-उत्पादक सुझाव



जगदीश रत्तनानी

**भारत में कई लोग कम मजदूरी, शून्य लाभ और लंबे समय तक काम के घंटों के चक्र में फंसे हैं। मूर्ति की टिप्पणी का इस्तेमाल इन कदाचारों को वैध बनाने के लिए किया जाएगा। कम शब्दों में कहें तो यह इस घातक तर्क को आगे बढ़ाता है कि गरीब आलसी हैं, कि अमीर इसलिए अमीर हैं क्योंकि वे कड़ी मेहनत करने वाले नागरिक हैं जो राष्ट्र को आगे ले जाते हैं और इस गलत तर्क के लिए मंच तैयार करते हैं।**

एन आर नारायण मूर्ति ने कहा है कि राष्ट्रीय उत्पादकता बढ़ाने में मदद के लिए युवाओं को 70 घंटे काम करना चाहिए। यह बहुत कुछ 19वीं शताब्दी जैसा ही है। 18 के दशक के अंत और 19 के दशक की शुरुआत में मिल मजदूरों ने कड़ी मेहनत की और उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित किया गया। काम करने के आदर्श घंटे सूर्योदय से सूर्यास्त तक थे जो बिजली के बल्ब की तकनीक के आने के बाद और अधिक बढ़ गये। अब काम को सूर्यास्त के समय रोकना और खींचना नहीं पड़ता था। यह तब तक चलता रहा जब तक कि श्रमिकों ने प्रौद्योगिकी द्वारा लाए गए अमानवीय शोषण का विरोध करने के लिए फिलामेंट बल्बों को तोड़ नहीं दिया।

आईटी की दुनिया आज बहुत अलग है जिसमें मूर्ति और उनके द्वारा सह-स्थापित कंपनी इंफोसिस का काम और उनकी बात बहुत महत्व रखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मूर्ति की टिप्पणी आईटी सेवा क्षेत्र पर तुरंत लागू होगी जो वैश्विक बाजारों में भारत की भागीदारी में क्रांति लाते हुए अनिवार्य रूप से श्रम अदला बदली पर निर्मित मजदूरों का अड्डा रहा है। कुछ लोग तर्क देंगे कि यही कारण है कि कंपनी और इस क्षेत्र में कई लोग आईटी कर्मियों का श्रम निर्यात करने वाले पेशेवर बने रहे और बड़े पैमाने पर मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में विफल रहे। अन्य बाजारों से नवाचार आना जारी है, एआई ( आर्टिफिशिअल इंटलिजेंस) की पेशकश केवल एक पारिस्थितिकी प्रणाली से आ रही है जो नाटकीय रूप से यहां प्राप्त की गई चीजों से अलग है। गैर वर्गीकृत, प्रयोग की भावना, जोखिम लेने और विफलता की स्वीकार्यता इसके कुछ हाईलाइट्स हैं। इनमें से कोई भी अनिवार्य, विनियमित, निगरानी की गई कड़ी मेहनत के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाता है जिस अर्थ में इसे भारत में समझा जाता है जो बड़े पैमाने पर एक ही समय में नीरस, रोमांचक और शोषक कार्य दर्शन तथा 'जितना बताया गया है, उतना करो' की नीति पर चलता है।

यह मालूम होना चाहिए कि कड़ी मेहनत से आवश्यक रूप से उच्च श्रम उत्पादकता नहीं होती है। यदि ऐसा हुआ भी तो तब मिलों में और अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में यह देश को कहीं नहीं ले जाएगा। इससे तब मिल मालिकों को फायदा हुआ था और अब आईटी दिग्गजों को लाभ होगा। वास्तव में यह मानव पूंजी में निवेश किए बिना एक कार्य बल के शोषण की संस्कृति को मजबूत करता है ताकि अधिकांश लोगों का उनकी क्षमता के निर्माण में उचित निवेश के बिना 'उपयोग' किया जा सके और उन्हें बढ़ने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान की जा सके।

यह अल्पकालिकता व्यवसायी को तात्कालिक रूप से लाभ पहुंचाती है लेकिन दीर्घकाल में प्रणाली और उत्पादकता को नुकसान पहुंचाती है। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो अब तक भारत की विकास कहानी के कई पहलुओं की विशेषता रही है। कमजोर श्रम कानून, श्रम बल की बढ़ती ठेकेदारी, ट्रेड यूनियनों की घटती शक्ति, शोषण का लंबा इतिहास और नौकरी, मतलब किसी भी प्रकार की नौकरी की सख्त जरूरत जैसे कारकों के संयोजन से यह स्थिति और भी बदतर हो जाती है। इस वजह से कार्य बल के प्रणालीगत दुरुपयोग के लिए स्थितियां अनुकूल हो जाती हैं।

आईटी क्षेत्र में, यह बहुत कम उम्र में श्रमिकों को थोक में जिन्दा प्रेत 'जाम्बीज़' बना देता है। किसी और चीज के बारे में कम जागरूकता के साथ उन्हें स्क्रीन पर काम करने के लिए धकेल दिया जाता है। उन्हें उद्यमी या अभिनव किसी भी चीज़ से बहुत दूर ले जाया जाता है। काम के दबाव का मतलब है कि भारत के शिक्षित युवा, विशेष रूप से आईटी-सक्षम सेवा क्षेत्र में कार्यरत अनुमानित 54 लाख युवा कम कौशल, कम वेतन और लंबे समय तक काम के घंटों के साथ मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर हैं। हफ्ते के अंत में वे आराम करने के लिए बार और क्लबों में जाते हैं। वे एक ऐसी दिनचर्या से अपना समय निकालते हैं जो कमर तोड़ने वाली और आत्म-पराजित होती है, जिसमें समग्र विकास के लिए बहुत कम विकल्प होते हैं और सामान्य तौर पर उनमें मानसिक बीमारी की संभावना अधिक होती है।

मूर्ति ने यह टिप्पणी इंफोसिस के पूर्व सीएफओ टीवी मोहनदास पई के साथ एक साक्षात्कार की है। मूर्ति इस बात से अनजान नहीं हो सकते कि पई वह व्यक्ति हैं जिसने जेएनयू में छात्रों के राजनीतिक रुख अपनाने पर आपत्ति जताई थी और इसे 'करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग' कहा था। उनका (पई का) मतलब है कि शिक्षा राजनीतिक समझ या राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेने से रहित होनी चाहिए। अर्थात संदेश यह है कि आप 'कठिन अध्ययन' करें लेकिन आप किसी विषय पर एक स्टैंड नहीं ले सकते, खासकर अगर वह स्टैंड मेरी पसंद का नहीं है। यह सुविधा हार्वर्ड के उन लोगों को दी जानी है जहां मूर्ति के बेटे ने पीएचडी की है न कि जेएनयू में, जहां कन्हैया कुमार ने पीएचडी की है। जब कन्हैया कुमार को विपक्ष ने लोकसभा सीट के लिए साझा उम्मीदवार बनाया था तब पई ने पूछा था कि कन्हैया कुमार की पीएचडी का क्या हुआ? 70 घंटे के कार्य सप्ताह पर मौजूदा विवाद में जब सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में इंफोसिस को आईटी 'कुली' प्रदाता के रूप में रखने वाली मानसिकता की व्याख्या करते हुए आलोचना की तो पई ने लेखक को जवाब दिया कि जब तक वह इंफोसिस जैसी कंपनी नहीं बनाते तब तक चुप रहें- अगर आपके पास पैसा नहीं है, तो बात न करें!

यह विचार इंफोसिस को 'जाम्बीज़' रखने की सुविधा दे सकता है लेकिन यह कभी भी राष्ट्र की सेवा नहीं कर सकता है और न इसे राष्ट्रीय पुनरुद्धार के मार्ग के रूप में पेश कर सकता है। भारत में कई लोग कम मजदूरी, शून्य लाभ और लंबे समय तक काम के घंटों के चक्र में फंसे हैं। मूर्ति की टिप्पणी का इस्तेमाल इन कदाचारों को वैध बनाने के लिए किया जाएगा। कम शब्दों में कहें तो यह इस घातक तर्क को आगे बढ़ाता है कि गरीब आलसी हैं, कि अमीर इसलिए अमीर हैं क्योंकि वे कड़ी मेहनत करने वाले नागरिक हैं जो राष्ट्र को आगे ले जाते हैं और इस गलत तर्क के लिए मंच तैयार करते हैं कि टैक्स देने वाले 'दाता' हैं और बाकी लोग 'लेने' वाले हैं; और यह कि वंचितों को दी जाने वाली सब्सिडी कड़ी मेहनत करने वालों पर अनुचित बोझ है।

भारतीय शिक्षा और कार्य प्रणाली की समस्याओं में से एक समस्या यह है कि हम जिज्ञासा की कीमत पर तत्काल काम पर ध्यान केंद्रित करना या दीर्घकालिक मनोरम दृश्य या भविष्य के साथ जुड़ाव चाहते हैं। यह अंत:विषय ज्ञान को सीमित करता है, रिक्त स्थानों को जोड़ने की क्षमता को बाधित करता है तथा छात्रों और श्रमिकों को तेजी से परिवर्तन व उच्च जटिलता द्वारा चिह्नित दुनिया की व्यापक तस्वीर देखने के लिए सशक्त नहीं बनाता।

यह खतरा बिना किसी उद्देश्य के श्रमिकों और नेताओं के साथ समाप्त हो रहा है जो यूनिडायरेक्शनल फोकस के साथ टारगेट पर अपना दिमाग, अपने समय के महत्वहीन कार्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और नैतिक रूप से उन महत्वपूर्ण मुद्दों से अनजान हैं जो आज उनके संगठन और वास्तव में राष्ट्र का सामना करते हैं। ये लोग 'गति' के बारे में चिंतित हैं न कि उस 'दिशा' के बारे में, जिस दिशा में हम जा रहे हैं। इस तरह के नजरिये के साथ पहले से कहीं अधिक तेजी से पहुंचने और समय से पहले गलत जगह पर उतरने का खतरा बना हुआ है। भारत के लिए इससे ज्यादा विनाशकारी कुछ नहीं हो सकता।

मूर्ति अपनी वरिष्ठता और सम्मान के साथ एक बहुत अलग संदेश दे सकते थे- हमारे युवाओं को तत्काल से परे एक बड़े उद्देश्य से प्रेरित होना चाहिए। हमें दूसरों की देखभाल, उनका दर्द समझने तथा साझा करने के विचार का निर्माण करने की आवश्यकता है और यह महसूस करने की आवश्यकता है कि भारत केवल तभी विकसित हो सकता है जब हम सभी- सभी क्षेत्र, धर्म, जातियां, समूह, स्तर और समुदाय, एक साथ बढ़ते हैं। यह एक ऐसा भारत है जहां मजदूरी असमानताएं पहले से कहीं कम हैं, जहां सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं और हमारे कार्य बल को मेहनती, भ्रष्टाचार मुक्त और आम नागरिक की सेवा में तैयार होने के लिए जाना जाता है। मूर्ति का ऐसा संदेश, जश्न मनाने वाला एक संदेश होता।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस )**

## बीता सप्ताह

**4 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी नाम से घोषणा पत्र जारी किया।
- मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तारीख पर तारीख वाला अदालत नहीं बनेगा कोर्ट।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु प्रदूषण से हेल्थ इमरजेंसी लागू किया गया।
- छपरा बिहार में गायत्री महायज्ञ हवन के समय भगदड़ मच जाने से दो लोगों की जानें चली गई।

**5 नवंबर**

- चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विधायिका कोर्ट के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती।
- भदोही उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक विजय मिश्र को एक गायिका के साथ दुष्कर्म मामले में 15 साल की सजा सुनाई।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन से मौजूदा स्थिति के बारे में बातचीत की।
- नेपाल में भूकंप आने से मरने वालों की संख्या 157 तक पहुंची।

**6 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ के विधानसधा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घोषणा पत्र जारी किया।
- विराट कोहली ने वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया।
- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी मातृत्व और चाइल्ड केयर लीव देने का ऐलान किया।
- भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमेन ने बताया कि वेतन एवं पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 8900 करोड़ राशि अलग रखे गए।

**7 नवंबर**

- मिजोरम के 40 व छत्तीसगढ़ के 20 सीटों के आज मतदान हुआ।
- महंगाई से राहत देने सरकार ने पूरे देश में 27.50 किलो पर भारत आटा उपभोक्ताओं को देगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों व राज्य सरकारों के बीच हो रहे टकरावों पर चिंता जताई।
- रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी सम्राट अलेक्जेंडर-3 ने बुलवा बैलेस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक नई परमाणु पनडुब्बी का परीक्षण किया।

**08 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव पहले चरण में 20 सीटों के लिए बस्तर व राजनांदगांव में वोट डाले गए।
- सुकमा छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट होने से एक जवान की मौत हो गई।
- श्रीलंका के खेलमंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किए गए देश के क्रिकेट बोर्ड को वहां की अदालत ने बहाल कर दिया।
- पोलैंड इगा स्वीयाटेक ने लंयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल का खिताब दूसरे साल भी जीतकर विश्व का नंबर वन बनीं।

**9 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ कांग्रेस ईडी की मनमानी को लक्ष्य कर चुनाव आयोग को शिकायत की। ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर 508 करोड़ रिश्वत लेने का आरोप लगाया है।
- दक्षिमी म्यांमार के बागी क्षेत्र में बम विस्फोट से चार लोगों की मौत हो चुकी।
- चीन के थेंगश्यांग शहर में दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर विज्ञान संग्रहालय खुला।
- बांग्लादेश में डेंगू से 1400 लोगों से अधिक की मौत हो गई।

**10 नवम्बर**

- बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रभावी निगरानी तथा शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया।
- पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने उतारे महज 12 फीसदी महिला उम्मीदवार।
- मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 53 प्रतिशत दागी, भाजपा ने घटाई दागी उम्मीदवार।

## चुनाव सरकार नहीं, देश को गढ़ने का होना चाहिए

■ अमन नम्र

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम जैसे पांच राज्यों में चुनाव प्रचार जोरों पर है। सत्ता, विपक्ष और सत्ता में आने को लालायित नाना प्रकार की पार्टियां अपने लोकलुभावन वादों से जनता को बहलाने में जुटी हैं। जनता को विकल्प भी इन्हीं में से चुनना है। जल्द ही नई सरकारें चुनी जाएंगी जो अगले पांच सालों तक इनके विकास की बागडोर थामेंगी। इसके तीन-चार महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे और देश की सरकार बनेगी जो भविष्य की दशा और दिशा तय करेगी। सवाल यह है कि क्या यह दशा और दिशा बीते सात दशकों से जारी विकास की मौजूदा अवधारणा से अलग या बेहतर होगी? विषय थोड़ा गंभीर है, पर मौजूं है और हमारे, आपके ही नहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इस पर विचार करना जरूरी है।

पहले हाल की दो खबरों की सुर्खियां पढ़िए। पहली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले पांच साल तक देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन की योजना जारी रहेगी और दूसरी, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। अगर पहली सुर्खी की बात करें तो यह तथ्य हमें चुल्लू भर पानी में डूबने पर मजबूर कर देगा कि 76 साल पहले जब देश को आजादी मिली थी, उस समय की आबादी (34 करोड़) की तुलना में आज मुफ्त राशन पाने वाले गरीबों की संख्या दोगुना से ज्यादा है। यह तमाम 'पंचवर्षीय,'' 7 वर्षीय, ''योजना आयोग,' 'नीति आयोग' या कांग्रेस, भाजपा, जनता पार्टी या यूपीए, एनडीए शासित सरकारों के विकास का नतीजा है।

इसी विकास का एक नतीजा दूसरी सुर्खी भी है कि हमारे देश की राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में टॉप पर है। क्या ऐसा नहीं लग रहा कि हम विकास के नाम पर 76 साल पहले जिस गलत दिशा में मुड़ गए थे, उसी दिशा में अब इतने आगे पहुंच चुके हैं कि विनाश को ही अब हमने विकास समझ लिया है।

**कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी। यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है। अगर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था।**

इस बात को हम तीन तरह से देख, समझ सकते हैं। आजादी से पहले और आजादी की लड़ाई के दौरान भविष्य के किस भारत की कल्पना की गई थी, मजबूरी में हमने किस तरह का भारत बनाना शुरू किया और जो भारत आज बना उसका भविष्य क्या है। यह कम-से-कम उस भारत की दिशा में जा रहा देश तो कतई नहीं है जिसकी कल्पना और सोच महात्मा गांधी ने की थी। 'हिंद स्वराज' का सपना देखने वाले गांधी कहते थे कि हमारी पहली प्राथमिकता विदेशी राज्य को हटाना है और 'हिंद स्वराज' के लिए अभी जनता तैयार नहीं हो पाई है इसलिए सारी ताकत 'संसदीय स्वराज' दिलाने में लगा देनी है। हमारे हुक्मरानों ने 'संसदीय स्वराज' वाले गांधी को तो याद रखा, पर यह भूल गए कि यह केवल तात्कालिक व्यवस्था थी। गांधी का असली सपना 'संसदीय स्वराज' नहीं, 'हिंद स्वराज' का था। आज हम गांवों को खत्म कर शहरों के दायरे बढ़ाते जा रहे हैं, पर गांधी इसके पूरी तरह खिलाफ थे। शहरों के बढ़ते प्रभुत्व के खिलाफ आवाज उठाने वाले गांधी ने गांवों के संरक्षण की बात कही थी।

यहां यह सवाल पूछा जा सकता है कि अब गांधी कितने प्रासंगिक हैं? जवाब है कि अगर गांधी और उनके विचार प्रासंगिक नहीं हैं तो सरकार आधिकारिक तौर पर उन्हें हटा क्यों नहीं देती। दरअसल गांधी कभी किसी व्यक्ति का नाम नहीं रहा। वह तो आजादी के लिए देश के कोने-कोने में घूमकर लोगों को जागृत करने वाली ऐसी विचारधारा थी जो उस वक्त मिट्टी में ही घुलमिल गई थी और आज भी देश की मिट्टी, हवा, पानी और इसकी आत्मा का अहम हिस्सा है। कम-से-कम आज सात दशक बाद हम थोड़ा सा ठहर कर यह विचार तो कर ही सकते हैं कि अगर देश बनाने का गांधी का ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विचार सही नहीं था तो क्या बड़े बांध और बड़े उद्योगों को 'आधुनिक भारत के मंदिर' कहने वाले नेहरू का मॉडल सही था?

इसे जानने का सबसे आसान तरीका यह है कि हम देखें कि आजादी के समय किस तरह के भारत को बनाने के विकल्प पर विचार किया गया था। गांधी की सोच थी कि भविष्य के समाज का धारण और पोषण यानी समाज का विकास धर्म, बंधुत्व और परिवार भावना से होना चाहिए, नहीं तो देश चलाने के लिए 'शैतानी ताकतों' का सहारा लेना पड़ेगा। उसमें जबरदस्ती होगी, आतंक होगा और उसके समर्थन के लिए आपको राज्य, लोकतंत्र, चुनाव, समाजवाद जैसी कोई-न-कोई प्रतिमा खड़ी करनी होगी।

गांधी ने करीब सौ साल पहले ही आज की हालत की कल्पना कर ली थी। तब उन्होंने समाज गढ़ने के दो विकल्प सुझाए थे, एक - सभ्य समाज, जो स्वतंत्र व्यक्तियों का बना हुआ हो और जिसके धारण, पोषण के लिए कानून, व्यवस्था, राजतंत्र का ढांचा, संविधान आदि हो जिसका दिन-प्रतिदिन विस्तार होता जाए। दूसरा -पारिवारिक समाज, जिसका धारण पोषण पारिवारिक भावना से हो। उसमें संविधान आदि औपचारिक ढांचे की जरूरत दिन-प्रतिदिन कम होती जाए।

आजादी की लड़ाई और आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों के दौरान जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के पास भारत के विकास और आर्थिक मॉडल के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण थे। ये मतभेद उनके विशिष्ट वैचारिक और दार्शनिक दृष्टिकोण में निहित थे। नेहरू ने पारिवारिक समाज के बजाय गांधी के पहले मॉडल को चुना, जिसके लिए कानून, राज्य, चुनाव जैसी व्यवस्था और तंत्र खड़ा किया गया। पंडित नेहरू विकास के लिए अधिक औद्योगिकीकृत और आधुनिक दृष्टिकोण में विश्वास करते थे। उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारी औद्योगीकरण, वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी प्रगति पर जोर दिया। उनका दृष्टिकोण भारत का तेजी से औद्योगीकरण करने और एक मजबूत, केंद्रीकृत और आधुनिक राष्ट्र बनाने की इच्छा से प्रभावित था।

दूसरी ओर, गांधी ने विकास के लिए विकेंद्रीकृत, ग्रामीण-केंद्रित दृष्टिकोण की वकालत की थी। गांधीजी का दृष्टिकोण स्वराज या जमीनी स्तर पर स्व-शासन के विचार में निहित था, जहां गांव आत्मनिर्भर और स्वशासित होंगे। नेहरू का विकास मॉडल पूंजी-प्रधान था, जिसमें बड़े पैमाने पर औद्योगिक परियोजनाओं, भारी मशीनरी और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया था। वहीं, गांधीजी का मॉडल श्रम प्रधान था, जिसमें छोटे पैमाने पर उत्पादन और कृषि गतिविधियों में मानव श्रम के उपयोग पर जोर दिया गया था। वह गरीबी को कम करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को रोजगार के अवसर प्रदान करने में विश्वास करते थे।

आज सात दशक बाद हम इस पर पुनर्विचार तो कर ही सकते हैं कि आखिर नेहरू के आर्थिक विकास का मॉडल कितना सफल रहा। अगर आर्थिक और ढांचागत विकास के तौर पर देखें तो निश्चित ही देश ने अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। देश की जीडीपी 3 लाख करोड़ से बढ़कर 275 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। 1950-51 में आम आदमी की औसत कमाई 274 रुपए सालाना थी, यह अब बढ़कर करीब डेढ़ लाख रुपए सालाना पर पहुंच चुकी है। शिक्षा, तकनीक, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में हमने काफी तरक्की की है। हम चांद पर पहुंच चुके हैं, खुद को विश्वगुरु बताते हैं और अब विकास के कुछ नए प्रतिमान गढ़ने के लिए भी तैयारी जारी है।

यहां कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी। यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है। अगर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था। प्रधानमंत्री का यह कहना कि अगले पांच साल तक 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त का राशन दिया जाएगा, हमारी विकास की मौजूदा अवधारणा को धराशायी कर देता है।

आज सत्ता और विपक्ष दोनों को ही सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचना चाहिए। अगर गांधी नहीं चाहिए तो कोई बात नहीं, लेकिन यह भी देखना होगा कि उससे बेहतर हम क्या कर सकते हैं। आज अगर हम देश के हर गरीब को मुफ्त राशन के बजाय आत्मसम्मान से जीने लायक माहौल बना पाएं, महिलाओं को हर महीने मुफ्त की राशि देने के बजाय उनकी मेहनत को सम्मान दे पाएं, बच्चों को अच्छी और सच्ची शिक्षा दे पाएं, हर व्यक्ति को स्वच्छ पानी, साफ हवा और पौष्टिक भोजन मुहैया करा पाएं तो शायद देश के विकास में इससे ज्यादा धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान और कोई नहीं होगा। इतिहास ने हमें एक और मौका दिया है कि हम भूतकाल में की गई अपनी गलतियों से सीखें, वर्तमान को सुधारें और भविष्य को गढ़ने में जुट जाएं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। )**

## आरएसएस और अम्बेडकर:भारतीय राजनीति के दो विपरीत ध्रुव



राम पुनियानी

**अंबेडकर के लिए सामाजिक प्रजातंत्र के बिना राजनैतिक प्रजातन्त्र अधूरा था। वे जाति के उन्मूलन के पैरोकार थे। इसके विपरीत, आरएसएस ने `सामाजिक समरसता मंचों' की स्थापना की है। संघ की दृष्टि में जातियां हिन्दू धर्म का अभिन्न भाग हैं और वे हिन्दू धर्म को मजबूती देती हैं! यही इन दोनों विचारधारात्मक धाराओं में मूल विरोधाभास है।**

आरएसएस और अम्बेडकर की विचारधाराएं भारतीय राजनीति के दो विपरीत ध्रुव हैं। जहां अम्बेडकर जाति के विनाश, प्रजातान्त्रिक मूल्यों की स्थापना और सामाजिक न्याय की ओर कदम बढ़ाने के हामी थे वहीं आरएसएस यथास्थिति बनाये रखने और पूर्व-आधुनिक काल के ऊंच-नीच पर आधारित मूल्यों के पुनरुत्थान का पैरोकार हैं। यह विडम्बना ही है कि विचारधारा के स्तर पर अम्बेडकर के धुर विरोधी होते हुए भी आरएसएस के नेता यह दिखाते नहीं थकते कि वे अम्बेडकर का कितना सम्मान करते हैं। वे अम्बेडकर का जन्मदिन मनाते हैं और उनकी पुण्यतिथि पर भी आयोजन करते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अपने वार्षिक विजयादशमी प्रबोधन (अक्टूबर 24, 2023) में आरएसएस मुखिया मोहन भागवत ने अपने अनुयायियों का आव्हान किया कि वे अम्बेडकर के भाषण पढ़ें, विशेषकर संविधान सभा में दिए गए उनके अंतिम दो भाषण. यही नहीं, भागवत ने अम्बेडकर की तुलना संघ के संस्थापक और उसके प्रथम सरसंघचालक डॉ के.बी. हेडगेवार से कर डाली. आरएसएस समर्थक 'हमारे गौरवशाली अतीत' के नाम पर अम्बेडकर के संघर्ष और उनके प्रयासों का विचारधारात्मक स्तर पर विरोध करते रहे हैं।

सच तो यह है कि आरएसएस का जन्म ही सामाजिक न्याय की मांग की खिलाफत करने के लिए हुआ था। विदर्भ के नागपुर क्षेत्र में गैर-ब्राह्मण आन्दोलन के उभार की प्रतिक्रिया में इस क्षेत्र के जमींदार-ब्राह्मण गठबंधन ने आरएसएस की स्थापना की। महाराष्ट्र में इस गठबंधन को शेठजी-भट्टजी गठबंधन कहा जाता है। दलित जागृति की शुरुआत जोतीराव फुले से हुई, जिन्होंने दलितों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए संघर्ष किया. इस वर्ग में जागृति लाने के काम को अम्बेडकर ने आगे बढ़ाया। उन्होंने 1920 में अपना समाचारपत्र 'मूकनायक' शुरू किया और 1923 में बहुजन हितकारिणी सभा की स्थापना की। इन सब से दलितों का आत्मविश्वास बढ़ा और वे अनके अधिकारों के प्रति जागृत हुए।

सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अपने संघर्ष के भाग के रूप में अम्बेडकर ने 1927 में पानी के सार्वजनिक स्त्रोतों तक दलितों को पहुंच दिलवाने के लिए चावदार तालाब आन्दोलन किया और उनके मंदिर प्रवेश के समर्थन में 1930 में कालाराम मंदिर आन्दोलन। बाबासाहेब के इन आंदोलनों का आरएसएस ने समर्थन किया हो, ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता। अलबत्ता महात्मा गांधी ने जाति के प्रश्न को अत्यंत गंभीरता से लिया और 1932 के पूना समझौते के बाद कई वर्षों तक दलितों की स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष किया।

उस समय आरएसएस हिन्दू राष्ट्र की बात कर रहा था। सावरकर बढ़-चढ़ कर हमें यह बता रहे थे कि भारत में दो राष्ट्र हैं- हिन्दू और मुस्लिम। आरएसएस के हिन्दू राष्ट्र के सिद्धांत की अम्बेडकर ने कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'यह अजीब लग सकता है मगर सच यही है कि श्री सावरकर और श्री जिन्ना एक राष्ट्र बनाम दो राष्ट्र के मसले पर एक-दूसरे के विरोधी होने के बजाय एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत हैं। दोनों सहमत हैं- न केवल सहमत हैं वरन जोर देकर कहते हैं- कि भारत में दो राष्ट्र हैं, एक मुस्लिम राष्ट्र और दूसरा हिन्दू राष्ट्र,' (डॉ आंबेडकर की 1940 में प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' से)।

अम्बेडकर हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना के धुर विरोधी थे। 'अगर हिन्दू राज स्थापित हो जाता है तो वह निसंदेह इस देश के लिए सबसे बड़ी विपदा होगी...हिन्दू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए' (बी.आर. अम्बेडकर, 'पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ़ इंडिया' (1946) पृष्ठ 354-355)। वे बहुसंख्यकवाद, जिसका भारत के सन्दर्भ में अर्थ है बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय का राज, के विरोधी थे। और यही भागवत के नेतृत्व वाले आरएसएस की विचारधारा है, जिसका बचाव करते हुए नरेन्द्र मोदी पूछते कि बहुसंख्यकवाद में आखिर बुराई ही क्या है!

संविधान के अंतिम मसविदे के प्रस्तुतीकरण के बाद इसके विरोध में आरएसएस के अनाधिकारिक मुखपत्र 'आर्गेनाइजर' खुलकर सामने आया। उसने भारतीय संविधान पर तीखा हमला बोला। अपने 30 नवम्बर, 1949 के अंक के सम्पादकीय में 'आर्गेनाइजर' ने लिखा, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे ख़राब बात यह है कि...उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है...उसमें प्राचीन भारतीय संवैधानिक कानूनों, संस्थाओं, नामावली और शब्द विन्यास का ज़रा-सा अंश नहीं है।'

आंबेडकर द्वारा तैयार किया गया हिन्दू कोड बिल समाज पर पितृसत्तामकता की पकड़ कम करने और महिलाओं की समानता स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। आरएसएस के नेतृत्व में दकियानूसी ताकतों ने हिन्दू कोड बिल पर ज़बरदस्त हमला किया। आधुनिक भारतीय इतिहास के जानेमाने अध्येता रामचंद्र गुहा लिखते हैं, 'संघ ने हिन्दू कोड बिल को कानून बनाने का विरोध किया क्योंकि इस बिल में हिन्दू महिलाओं को उनकी जाति से बाहर विवाह करने, अपने पति से तलाक लेने और उत्तराधिकार में संपत्ति प्राप्त करने का अधिकार दिया गया था। सन् 1949 में आरएसएस ने इस बिल के खिलाफ पूरे देश में सैकड़ों बैठकें और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इनमें साधु-संतों को भाषण देने के लिए बुलाया गया।'

संविधान सभा ने संविधान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। इन प्रावधानों को मुंहजुबानी प्रचार के ज़रिये बदनाम किया गया, जिसके नतीजे में 1980-81 में और फिर 1985 में गुजरात में दलित-विरोधी हिंसा हुई। इसी तरह, मंडल आयोग की सिफारिशों का अपरोक्ष रूप से विरोध करने के लिए राममंदिर रथयात्रा शुरू की गई और पार्टी के वरिष्ठ नेता अटलबिहारी वाजपेयी ने कहा कि 'वे मंडल लाये तो हम कमंडल लाए'। यह भी दिलचस्प है कि संघ परिवार ने बाबरी मस्जिद को गिराने के लिए 6 दिसंबर का दिन चुना गया, जो कि आंबेडकर की पुण्यतिथि है। यह इस दिन, जो प्रजातान्त्रिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करता है, की महत्ता को कम करने का रणनीतिक प्रयास था।

जहां तक धार्मिक अल्पसंख्यकों का प्रश्न है, आंबेडकर उनकी सुरक्षा के लिए समग्र प्रावधान के हामी थे। यद्यपि इन प्रावधानों को कभी पूर्णत: लागू नहीं किया गया मगर उन्हें लागू करने के प्रयासों को भी 'अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण' बताया जाता है। बाबासाहेब बंधुत्व के पैरोकार थे। बंधुत्व का भाव बहुसंख्यकवादी राजनीति का विलोम है। बहुसंख्यकवादी राजनीति तो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाती है जिसके नतीजे में हिंसा होती है और समाज का ध्रुवीकरण होता है।

अंबेडकर के लिए सामाजिक प्रजातंत्र के बिना राजनैतिक प्रजातन्त्र अधूरा था। वे जाति के उन्मूलन के पैरोकार थे। इसके विपरीत, आरएसएस ने 'सामाजिक समरसता मंचों' की स्थापना की है। संघ की दृष्टि में जातियां हिन्दू धर्म का अभिन्न भाग हैं और वे हिन्दू धर्म को मजबूती देती हैं! यही इन दोनों विचारधारात्मक धाराओं में मूल विरोधाभास है। हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति, जातिगत पदक्रम को नए-नए नामों से बचाए रखना चाहती है। वह भारतीय संविधान में केवल शाब्दिक आस्था रखती है। संघ के चिन्तक कहते हैं कि भारत एक 'सभ्यतागत राज्य' (मनुस्मृति जैसी पवित्र पुस्तकों में निरुपित जातिगत और लैंगिक मूल्यों के प्रतीक) है जिसके लिए संविधान उतना महत्वपूर्ण नहीं है।

आंबेडकर का धुर विरोधी होते हुए भी संघ परिवार केवल नाम के लिए उनका गुणगान करता है। और अब तो वे उन्हें उदृत भी करने लगा है। यह सब केवल वोट हासिल करने की कवायद है।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**





# धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर चमके बाजार, 400 करोड़ से अधिक का कारोबार

## सराफा, आटोमोबाईल्स, रियल स्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स व फर्नीचर में हुई जमकर खरीदी

**जबलपुर,देशबन्धु।** धनतेरस से 5 दिवसीय दीपावली पर्व की शुरूआत हो चुकी है। शुक्रवार के दिन धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर लगभग सभी बाजार रोशन रहे। विशेषकर सराफा, आटोमोबाईल्स, रियल स्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स व फर्नीचर बाजार में खरीददारी जोरदार रही। जानकारों की माने तो जबलपुर में करीब 400 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ। बाजार में ग्राहकों ने छोटे-बड़े सभी ऑफरों का जमकर लाभ उठाया। महंगाई के चलते बाजार में कुछ असर खरीदी में रहा लेकिन बाजार इस बार भी उत्साहित दिखा।

सराफा के बर्तन बाजार में भी ग्राहकों की खासी भी देखने को मिली वहीं शहर के चुनिंदा ज्वेलरी शोरूमों ग्राहकी भीड़ से सराबोर रहे। न सिर्फ सराफा बड़ा फुहारा बल्कि गढ़ा, सदर, अधारताल, रांझी आदि क्षेत्रों में भी धनतेरस पर बाजारों में खरीददारी तेज रही। हालांकि कई क्षेत्रों के बाजारों में भारी भीड़ के चलते जाम की स्थिति भी देखी गई। उधर कपड़ा, सजावटी सामान, लाईटिंग आदि बाजार में भी खरीददारी तेज रही। इसके अलावा दीपावली पर्व को देखते हुए लक्ष्मी जी और गणेश जी की प्रतिमाऐं भी छोटी से लेकर बड़ी बाजार में लाई गई है और इनकी खरीददारी भी शुरू हो गई है वहीं लाई, बताशा, दीए, कलरफुल दीए, तोरण के बाजार जगह- जगह सज गए हैं। माना जा रहा है कि, धनतेरस के साथ-साथ दीपावली पर्व तक जोरदार खरीदी का माहौल बना रह सकता है।

### कहां कितना कारोबार

| उत्पाद | रूपये (करोड़ में) |
|---|---|
| सराफा | 150 से 170 |
| ऑटोमोबाईल्स | 50 से 60 |
| रियल स्टेट | 100 से 110 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 35 से 40 |
| फर्नीचर व बर्तन | 25 से 30 |
| कपड़ा व अन्य | 15 से 20 |
| कुल अनुमानित कारोबार | 375 से 430 करोड़ |

# पहली बार बांटी जा रही क्यूआर कोड वाली वोटर इन्फर्मेशन स्लिप

## मतदाता सूचना पर्चियों का घर-घर वितरण शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचना पर्ची का वितरण प्रारंभ हो गया है। मतदाताओं को पहली बार क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने त्यौहार को देखते हुए 13 और 14 नवंबर को भी मतदाता सूचना पर्ची के वितरण की अनुमति प्रदान की है। पूर्व में 12 नवंबर तक इन पर्चियों के वितरण की अवधि निर्धारित की गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाताओं की सुविधा के लिए वितरित की जा रही मतदाता सूचना पर्ची करीब आठ गुणा छह इंच की होगी। इस बार विधान सभा चुनाव में वितरित की जा रही मतदाता पर्चियों में मतदाता की फोटो नहीं होगी, बल्कि इस पर मोटे अक्षरों में 'मतदान केंद्र में पहचान के उद्देश्य से इस मतदान पर्ची को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आप से अनुरोध है कि मतदान करने के लिए पहचान हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र या आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज ले जाएं' अंकित किया गया है।

मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप) पर एक तरफ मतदाता का विवरण, मतदान केंद्र का स्थान, मतदान की तिथि, समय औरमतदान केंद्र स्थान नक्शा होगा। साथ ही मतदान के लिए क्या करें और क्या नहीं करें से संबंधित जानकारी मुद्रित की गई है।

मतदाता सूचना पर्ची पर क्यू आर कोड भी अंकित किया गया है, ताकि बूथ ऐप्प का उपयोग कर संबंधित भाग के निर्वाचन के विवरण को खोजने अथवा मिलाने में मदद प्राप्त की जा सके। क्यू आर कोड की जानकारी को वोटर हेल्प लाइन ऐप्प की मदद से भी देखा जा सकेगा। क्यू आर कोड स्कैन करने पर वही जानकारी होगी, जो मतदाता सूचना पर्ची पर प्रिंट की गई है।



# जाति जनगणना को लेकर ओबीसी महासभा ने राहुल गांधी से की मुलाकात

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के आगमन पर ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर जाति जन गणना के संबंध एवं ओबीसी आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के सहयोग से उक्त मुलाकात हुई। इस मौके पर संजय यादव ओबीसी महासभा के एड.वैभव सिंह,एड. श्याम सुंदर बब्बू यादव,मुन्ना सेन, राजेश पटेल, गोपाल लोधी, रूपेन्द्र पटेल उपस्थित थे।

# कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने मनाया दीपोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष की तरह इस बार भी मनाई गई ट्रेडिशनल पार्टी और भी उज्जवल और रोशन थी क्योंकि स्कूल का कोना-कोना दीवाली की बधाई मानो खुद ही दे रहा था उत्सव 09 नवम्बर को मनाया गया चेहरों पर खुशियों की मुस्कान झलक रही थी जब बच्चो पारम्पारिक परिधानों में सजे हुए अपने माता-पिता के साथ आए। दीपावली के चलते दिये और आकर्षक लिफाफे आर्ट के साथ ही बच्चों ने खुद अपने हाथ से बनाए नारियल लडडू, भेलपुरी और लस्सी जिसका लुत्फ खुद बच्चों ने भी उठाया और इस सेलिब्रेशन को संस्थापिका श्रीमति अर्पिता मालपानी और प्राचार्य श्रीमति सोनिया कोचर ने और धमाकेदार और रोशन बनाया इस अवसर पर स्कूल के स्टॉफ की उपस्थिति सराहनीय रही।



# हर परिस्थिति में देवतुल्य जनता का साथ निभाऊंगा : अशोक रोहाणी

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाला लाजपत राय वार्ड, पुरानी मोहनिया, निर्मलचंद जैन वार्ड, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, मोदीबाडा, हाथीटोली, रानी अबंती बाई वार्ड, कुंदन रेसीडेंसी, टेमरभीटा, लक्ष्मी बाई वार्ड, आनंद भवन कंचनपुर, आशा नगर,, तिघरा, रक्षानगर, बडा पत्थर, केवट मोहल्ला, अधारताल, सांई मंदिर सिविल लाईन, इन्द्रा आवास, सुदर्शन वार्ड पटेल नगर, सिद्ध नगर, विश्वकर्मा मोहल्ला, परसराम कुण्ड, ब्रम्हाकुमारी आश्रम के पास कटंगा, शिव मंदिर कटंगा, तिलहरी, बिलहरी, प्राथमिक शाला के पास करौंदी, रावण पार्क, अमर नगर, बंगाली कॉलोनी, रांझी सहित कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह श्री रोहाणी का नागरिकों द्वारा पुष्पहार, तिलक वंदन से स्वागत किया जा रहा है इस अवसर पर श्री रोहाणी ने कहा कि हर परिस्थिति में देवतुल्य जनता का साथ निभाऊंगा, आपके लिए हर मुसीबत से लड़ जाऊंगा। इस अवसर पर संजय जैन, आकाश मलिक, नितिन भरोस, राकेश कलसिया, प्रमोद बेन, बबलू खत्री, पवन रजक, जगदीप प्रकाश टीटू, संतोष जोशी, बृजेंद्र सिंह, मानसिंह तोमर, महेश बाबा, एलब्रिस ग्रेस, उर्मिला विश्वकर्मा, पास्टर मलार सेल्वन, धीरज दीक्षित, गुल्लू दुबे, आनंद सोनी, अमर महोबिया, आदि मौजूद थे।



केंट के कई वार्डों में जनसम्पर्क

# हरे मटर, सिंघाड़े, अमेरिकन कॉर्न और टमाटर को मिलेगा बेहतर प्रबंधन, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग : तरुण भनोत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनसंपर्क के सत्रहवें दिन कांग्रेस प्रत्याशी तरुण भनोत ने मदन महल वार्ड के बेदी नगर, गुरुदेव कॉलोनी, एकता परिसर, अन्ना मोहल्ला, खेरमाई क्षेत्र, भरत कॉलोनी में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र के जनहितैषी बिंदुओं पर चर्चा की और जनसमर्थन की अपील की।

जनसंपर्क के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुए भनोत ने बताया कि जबलपुर और आसपास के जिलों में हरे मटर, देशी सिंघाड़े, टमाटर और अमेरिकन कॉर्न की अत्याधिक पैदावार होती है और स्थानीय स्तर पर फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में उधोगों की आपार संभावनाएं है । स्थानीय स्तर पर इन फसलों का बड़ा खेप मंडियों के माध्यम से दूसरे प्रदेशों को जाता है और उन प्रदेशों में फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी हुई औधोगिक इकाइयां सस्ते दाम पर खरीद और प्रोसेस कर अच्छा मुनाफा कमा रही हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर हमारे किसान फसल की लागत तक निकाल पाने में असमर्थ है।

जनसंपर्क में लखन प्रजापति, पार्षद तुलसा प्रजापति, कमल भल्ला, लाली ठाकुर, राजकुमार लोधी, गोलू पहलवान, रवि कोष्टा के साथ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



मदन महल वार्ड में जनसम्पर्क

# श्रीजानकी रमण महाविद्यालय स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीजानकी रमण महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन परम पूज्य संत ब्रम्हचारी सुबुद्धानदं जी महाराज की उपस्थिति में किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया तत्पश्चात ब्रम्हचारी सुबुद्धानदं जी महाराज ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि महाविद्यालय सतत् सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है जो गुरुदेव के आशीर्वाद का सुफल परिणाम है हमारा सभी को आशीर्वाद है कार्यक्रम के द्वितीय चरण में वरिष्ठ साहित्यकार सूरएश मिश्र विचित्र, राजसागरी, अभिमन्यु जैन ,यू एस दुबे के द्वारा शानदार काव्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में श्रीजानकी रमण महाविद्यालय शासी निकाय अध्यक्ष श्री शरद चन्द्र पालन प्राचार्य डॉ अभिजात त्रिपाठी, डॉ शक्ति सिंह मंडलोई डॉ गंगाधर त्रिपाठी डॉ आनंद राणा, डॉ कौशल दुबे, आचार्य आशुतोष दीक्षित डॉ अनामिका सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, हेमंत सोधिया श्रीमती नीना चौबे मीनाक्षी लोधी राखी बाजपेई संजय पांडे के बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# जनता को सुख समृद्धि और खुशहाली देगी कांग्रेस सरकार : विनय सक्सेना

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में जनता कांग्रेस की सरकार को जनादेश दे रही है। कांग्रेस सरकार जनता को राहत और खुशहाली तो देगी ही साथ ही जनता के सपनों को भी साकार करेगी। यह कहना है उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना का। शुक्रवार को अपनी पार्टी की नेताओं और समर्थकों के साथ विनय सक्सेना ने राम मनोहर लोहिया वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और धनतेरस पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। राममनोहर लोहिया वार्ड में चंडाल भाटा, नगर निगम क्वार्टर, त्रिमूर्ति नगर, नब्बे क्वार्टर, कृष्णा नगर, कसौधन नगर, साईं संचार कालोनी, भोला नगर, मनमोहन नगर आदि इलाकों में सघन जनसंपर्क विनय सक्सेना ने किया। इस मौके पर राजेंद्र यादव, सतीश उपाध्याय, प्रहलाद दहिया, संजय बघेल, संजय उपाध्याय, तेजकुमार भगत, राकेश चौधरी, आशुतोष नौगरैया शामिल रहे।



राम मनोहर लोहिया वार्ड में जनसंपर्क

# पूर्व क्षेत्र के हर चौराहे बहुभुज हाई मास्ट पोल से रोशन होंगे : लखन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में मरही माता मंदिर पूजन अर्चन उपरांत वंशकार मोहल्ला से प्रारंभ होकर सर्वोदय स्कूल से ताड़ी खाना से बल्दी कोरी की दफाई से बेगम चौराहा से मरघटाई चौराहे से साहू मोहल्ला से चौधरी मोहल्ला से झिरिया कुंआ से मरही माता मंदिर से शीतलामाई मंदिर में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि हर चौराहे पहर बहुभुज हाई मास्ट पोल से हर चौराहे रोशन होंगे एवं हर घर को 100 युनिट बिजली मुफ्त मिलेगी प्रत्येक घर में रोशनी ही रोशनी होगी युवा एवं बुजुर्गो ने जगह-जगह स्वागत कर विकास कार्य के लिए धन्यवाद दिया।। जनसंपर्क में डॉ. रमाकांत रावत, पवन मोंगरे, राज शुक्ला, नंदा ग्वालवंश, गोपाल चौधरी, सत्ता चक्रवर्ती, मनोज यादव, सुनील प्रजापति मौजूद रहे।



आचार्य विनोवा भावे वार्ड में जनसम्पर्क

# मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किये जाने वाले मतपत्रों तथा चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों एवं सर्विस वोटर्स को जारी किये गये डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो भी अंकित किये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुद्रित किये गये मतपत्रों में उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो भी अंकित होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आये प्रकरणों को देखते हुए मार्च 2015 में जारी किये गये थे । मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढ़ाई सेंटीमीटर के आकार में अंकित रहेगें।

# वोटर की शंकाओं का समाधान है वीवीपैट मशीन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ-साथ व्हीचव्हीढ़पेट मशीन का भी उपयोग किया जायेगा। व्हीव्हीपेट मशीन के जरिये वोटर जान सकेगा कि उसने जिस उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह का बटन दबाया है, वह उसी के खाते दर्ज हुआ है या नहीं। वोटर के मन में कोई शंका नहीं रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट बटन दबाकर देगा, वीवीपैट मशीन की विंडो पर यह दिखाई पड़ेगा कि उसका मत किस चुनाव चिन्ह पर दर्ज हुआ है।

# अंजुमन इस्लामिया विद्यालय के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से जगाई मतदान की अलख



**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चलाई जा रही स्वीप की गतिविधियों में अंजुमन इस्लामिया इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने पोस्टर निर्माण, नुक्कड़ नाटक, गायन एवं वादन के माध्यम से मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को मतदान करने का सन्देश दिया।

जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को रोचक अंदाज में मतदान का महत्व बताया तथा चुनावी प्रक्रिया के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी । उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर बच्चों से परिवारजनों एवं आस-पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र तक पहुँचाने की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया । कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग तीन सौ छात्र-छात्रायें शामिल हुये । इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा मतदान जागरूकता से संबंधित गीत हे! देश के प्रिय मतदाता प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता एवं शत-प्रतिशत मतदान को लेकर छात्र-छात्राओं से छोटे-छोटे प्रश्न पूछे गये तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान का संदेश देते लगभग 50 पोस्टर भी बनाये गये । विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद आसिफ, निर्वाचन साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी जकिया परवीन एवं कैंपस एंबेसडर मोहम्मद जैदुर रहमान आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

# सरकार की योजनाओं से समृद्ध प्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं कदम : अभिलाष पांडे

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज से लगभग 20 वर्षों पूर्व प्रदेश की गिनती पिछड़े एवं बीमारू राज्यों में होती थी जहां सड़क पानी बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो पाना असंभव सा था उसके पश्चात 2003 प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तब प्रदेश ने विकास की गति पकड़ी तत्पश्चात 2014 में श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी एवं डबल इंजन की सरकार ने विकास के नए सोपान प्राप्त किए।

यह बात उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने स्वामी विवेकानंद एवं राम मनोहर लोहिया वार्ड के सघन जनसंपर्क के दौरान कही।

जनसंपर्क के दौरान राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, वैभव पवार, शंकर श्रीवास्तव, अतुल जैन मौजूद थे।



स्वामी विवेकानंद एवं राम मनोहर लोहिया वार्ड में जनसंपर्क

# नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही परियोजनाओं को मिली गति : राकेश सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में, फ्लाई-ओवर, मदन महल स्टेशन टर्मिनल, एयरपोर्ट का नया भवन, रिंग रोड जैसी अनेक परियोजनाएँ एक साथ चल रही हैं। पहले दस वर्ष, काँग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए का शासन था। आवश्यक फंड्स उपलब्ध नहीं थे। इसीलिये इन सभी परियोजनाओं में इतना विलंब हुआ पर जैसे ही 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो, इन सभी परियोजनाओं को गति मिली है और आपके सामने विकास की ओर बढ़ता हुआ जबलपुर दिख रहा है, यह बात पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्र राकेश सिंह ने जनसंपर्क के दौरान कही। सिंह ने शुक्रवार को गुप्तेश्वर, शंकरशाह एवँ सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर रजनीश यादव, कौशल सूरी,शैलेन्द्र विश्वकर्मा, राहुल खत्री, निशा संजय राठौर मौजूद थे।



तीन वार्डों में जनसम्पर्क

# रूप चौदस को उबटन लगाकर नहाने से निखरता है सौंदर्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** धनतेरस के दूसरे दिन नरक चतुर्दशी मनाई जाती है, इसे रूप चौदस के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि हिरण्यगभ नाम के एक राजा ने राज-पाट छोड़कर तपस्या में लीन हो गए, कई वर्षों तक तपस्या करने से उनके शरीर में कीड़े पड़ गए। इससे दुखी हिरण्यगभ ने अपनी व्यथा नारद मुनि से कही, मुनि ने राजा से कहा कि कार्तिक मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के दिन शरीर पर लेप लगाकर सूर्योदय से पूर्व स्नान के बाद रूप के देवता श्री कृष्ण की पूजा करें। ऐसा करने से फिर से सौन्दर्य की प्राप्ति होगी। राजा ने वैसा ही किया, जिससे राजा फिर से रूपवान हो गया। इसी कारण से नरक चर्तुदशी को रूप चतुर्दशी भी कहते हैं। रूप चौदस मनाने के पीछे कई पौराणिक मान्यताएं जुड़ी है। रूप चौदस मनाने के पीछे एक मान्यता यह भी है कि श्री कृष्ण के शरीर पर लगा नरकासुर का खून साफ करने के लिए उबटन लगाया गया था। तब से उबटन लगाने की परंपरा चली आ रही है। नरक चतुर्दशी पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा भी करनी चाहिए, क्योंकि इसी दिन उन्होंने नरकासुर का वध किया था. इस दिन जो भी व्यक्ति विधिपूर्वक भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करता है,



## सूर्योदय से पूर्व स्नान के बाद रूप के देवता श्री कृष्ण की पूजा करें

उसके मन के सारे पाप दूर हो जाते हैं और अंत में उसे वैकुंठ में स्थान मिलता है।

**रूप चौदस मनाने का महत्व-** मान्यता है कि धनतरेस के दूसरे दिन रूप चौदस पर व्रत रखने से भगवान श्रीकृष्ण व्यक्ति को सौंदर्य प्रदान करते हैं। रूप चौदस के दिन सूर्योदय से पहले उठकर तिल के तेल की मालिश और पानी में चिरचिरी के पत्ते डालकर नहाना चाहि। इसके बाद भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण के दर्शन करने चाहिए। ऐसा करने वालों को जहां सौंदर्य प्राप्त होता है, तो वहीं पापों का नाश होता है।

**पौराणिक मान्यता है-**भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग धरती मांगकर तीनों लोक नाप लिए, तो बलि ने कहा प्रभु मुझे एक वरदान देकर कृतार्थ करें। तब भगवान ने पूछा क्या वर चाहते हो, जो व्यक्ति मेरे राज्य में चतुर्दशी के दिन यमराज के लिए दीपदान करें। उसे यम यातना नहीं होना चाहिए, एवं तीन दिनों तक दिवाली मनाए, उनके घर को लक्ष्मीजी कभी न छोड़ें। राजा बलि को दिए वरदान के बाद से ही नरक चतुर्दशी के दिन यमराज के निमित्त व्रत, पूजन और दीपदान का प्रचलन आरंभ हुआ।

**इनका कहना है**

नरकासुर नामक असुर का श्रीकृष्ण ने इस दिन वध किया था, इस कारण धनतेरस के दूसरे दिन पड़ने वाली चर्तुदशी को नरक चर्तुदशी कहा जाता है, इसे रूप चौदस भी कहा जाता है। इस दिन चार बाती वाला दीपक जलाकर मुख्य द्वार पर रखने से घर में सुख-शांति के साथ सभी प्रकार की व्याधियां घर-परिवार से दूर रहती है। सात्विक जीवन जीने वाले लोगों को हर प्रकार की सफलता मिलती है।

# धन तेरस पर हुआ वैद्यों का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जमुना सभागृह गोल बाजार में धन्वंतरी जयंती के अवसर पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जस्टिस श्रवण शंकर झा, डॉ. संजय नगरकर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में भगवान धन्वंतरि का पूजन अर्चन के बाद सम्मान किया गया। वैद्यों ने कहा विश्व में आयुर्वेद की पहचान बनी आज भी जटिल से जटिल बीमारी का इलाज आयुर्वेद में है कॅरोना जैसी महामारी मैं भी सफल इलाज हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया आयुर्वेद की सेवा कर रहे आज धनवंतरी बाबा एवॉर्ड से युवा वैद्य योगेश दत्त शर्मा वैद्य गणेश विश्वकर्मा को एवं 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके गोविंद नारायण व्यास को साल श्रीफल अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन वैद्य सुधीर अग्रवाल ने किया साथ में बताया की 24 अवतारों में से भगवान धन्वंतरी का 12 वां अवतार है जो अंतिम दिवस धनतेरस के दिन हाथ में कलश लेकर मंथन के समय समुद्र से निकले थे। इस अवसर पर एडवोकेट सचिन अग्रवाल, डॉ. शिव शंकर पटेल आदि उपस्थित थे।

# 101 बच्चों को मिष्टान और पटाखों का किया वितरण

**जबलपुर, देशबन्धु ।** दक्षिणमुखी चमत्कारी हनुमान मंदिर के पास जाग्रति नगर अमखेरा रोड गोहलपुर मेन रोड पर गुरूवार को आश्रय फाउंडेशन के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर जरूरतमंद 101 बच्चों को दीपावली मनाने उपहारों का वितरण कर उनके जीवन में उजियारा फैलाने एक कदम उठाया है। जिसमें आश्रय फाउंडेशन से जुड़े सभी सदस्यों ने इस कार्य में आगे आकर अपना सौ प्रतिशत योगदान दिया। जिसमें बच्चों को शुरूआती ठंड में गर्म कपड़ो, कम्बल, मफलर, दीपावली उत्सव को मनाने के लिए मिठाइंया, पटाखें, और प्रसाद का वितरण किया गया। क्लब की अध्यक्ष अनु आनंद एवं सभी आश्रय फाउंडेशन के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



# 12 नवम्बर को बंदी छोड़ दिवस

**जबलपुर,देशबन्धु।** मीरी पीरी के मालिक, सिक्खों के छठवें गुरू, श्री गुरू हरगोविन्द साहिब का बंदी छोड़ दिवस रविवार को श्रद्धा भक्ति व उत्साह के साथ मनाया जायेगा। मुख्य आयोजन गुरूद्वारा ग्वारीघाट साहिब में आयोजित किया जाएगा जहां दिन भर धार्मिक दीवान सजाये जायेंगे प्रातः 10.30 से दोपहर 1.45 तक चलने वाले कार्यक्रम में रागी भाई मनप्रीत सिंह, कथावाचक भाई महासिंघ, रागी भाई हरप्रीत सिंघ फगवाड़ा वाले साथियों के साथ गुरू इतिहास व गुरूबाणी प्रस्तुत करेंगे। मैनेजमेंट गुरूद्वारा ग्वारीघाट कमेटी के तमाम पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की पुरजोर अपील की है।

# योगेंन्द्र दुबे ने कर्मचारी संघ के सभी पदों से दिया त्याग पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे ने व्यक्तिगत कारणों के चलते प्रांतीय अधिकारी-कर्मचारी, पेंशनर्स एवं संविदा कर्मचारी महासंघ, शासकीय कर्मचारी संघ, शिक्षक, अध्यापक प्रकोष्ठ, मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, जागरूक अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पुरानी पेंशन बहाली महासंघ और सभी सहयोगी कर्मचारी संगठन आदि के सभी धारित पदों से स्वैच्छिक त्याग पत्र दे दिया।

# एनईपी और डिजिटल एजुकेशन के साथ कदमताल से हुआ शिक्षा का विस्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** एजुकेशन सिस्टम में हर दिन नए बदलाव आ रहे हैं। विशेषकर न्यू एजुकेशन पॉलिसी के बाद प्ले स्कूल से लेकर हायर एजुकेशन तक प्रभावित हुई है। वहीं डिजिटल एजुकेशन के बाद से एजुकेशन सेक्टर में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिससे शिक्षा का लगातार विस्तार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे ही लगातार क्रांति लाने की जागरुकता के साथ हर साल 11 नवम्बर को अब्दुल मौलाना आजाद की स्मृति में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है।

**स्कूलों में स्मार्ट स्टडी कम्पलसरी-** सीबीएसई, एमपी और आइसीएसई बोर्ड, तीनों में अब स्मार्ट स्टडी का कॉन्सेप्ट फॉलो किया जा रहा है। जब स्टूडेंट्स को स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाया जाता है, वहीं यूट्यूब के वीडियो की मदद से स्टूडेंट्स को पढ़ाया जा रहा है। वीडियो के जरिए स्टडी करके बच्चे उसे जल्दी सीखते हैं, क्योंकि




वे स्मार्ट बोर्ड में उन डायग्राम की वर्किंग भी नजर आती है। वीडियो लैक्चर के कंटेंट मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने भी एजुकेशन को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट स्टडी का कॉन्सेप्ट कोविड के दौरान किया था। जो अब पूर्णत प्रभावी हो चुका है। इसके लिए गवर्नमेंट कॉलेज में फ्री वाईफाई की सुविधा दी जाती है, ताकि इंटरनेट का इस्तेमाल बेहतर किया जा सके। डॉ. साधना केशरवानी ने बताया कि कॉलेजों में लाइव लेक्चर की सुविधा है, जिसमें समय-समय पर विभिन्न विषयों के लेक्चर होते हैं।

**ई ग्रंथालय ने जोड़ा-**ई-लाइब्रेरी के कॉन्सेप्ट से युवाओं को ऑनलाइन किताबों से जोड़ा। एक क्लिक पर मिलने वाली बुक डाउनलोड और रीड की जा रही है। बुक ईश्यूज और किताबों के सही रखरखाव के लिए शहर के ज्यादातर कॉलेजों में से जुड़ी कोई भी जानकारी हो स्टूडेंट्स के लिए वन क्लिक में हासिल हो चुकी है। सिर्फ क्लास वाइस स्टडी मैटेरियल नहीं, बल्कि अलग-अलग पैटर्न से जुड़ी जानकारी उनके लिए यहां उपलब्ध हो रही है।

**ऐसे हुआ बदलाव-** कॉम्पीटेटिव एग्जाम के लिए पर्याप्त स्टडी मैटेरियल,सोशल मीडिया पर कई एक्सपर्ट,अलग-अलग पेज में मिलती प्रिपरेशन,डेली और करंट अफेयर्स की जानकारी,एप्लिकेशन और वेब पेज का अपडेशन।

# ब्यूटी क्लीनिक में निखर दमक रही हर दिन काया

## रूप को अनूप बनाने एक दशक में हुआ बड़ा बदलाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रूप को अनूप बनाने के लिए महिलाओं द्वारा हर तरह के जतन किए जाते हैं। कभी ब्यूटी ट्रीटमेंट के रूप में तो कभी ब्यूटी कॉस्मेटिक्स के यूज से रूप से अनंत बनाया जाना जारी रहता है। यही कारण है कि शहर में पिछले दस सालों में कॉस्मेटिक्स के कारोबार में जबर्दस्त बदलाव देखने को मिला है। इसमें जहां इंटरनेशनल ब्रांडेड प्रोडक्ट की संख्या में इजाफा हुआ है, वहीं ब्यूटी ट्रीटमेंट के साथ मेडिकल ट्रीटमेंट ने भी रूप की छवि को निखारने का काम किया है। दस साल में बदलाव ब्यूटी रूप निखारने के प्रोडक्ट और वैरायटीज



को लेकर गजब का बदलाव देखने को मिलता है। कुछ समय पहले तक जहां लोग ब्यूटी क्रीम तक सीमित थे, वहीं दो साल में डेली मेकअप कॉन्सेप्ट का ट्रेंड देखा जाने लगा। अब तरह तरह की बीबी, सीसी और अन्य कॉम्पलेक्शन क्रीम ने रूप का निखार बढ़ा रहीं हैं।

**मेडिकल ट्रीटमेंट भी-**शहर में अब रूप निखारने का काम ब्यूटी क्लीनिक्स भी कर रहे हैं। इनमें कई तरह के ट्रीटमेंट ऐसे हैं जो अलग ढंग से ही रूप का कायाकल्प करने का काम कर रहे हैं। शहर में अब सर्जरी को लेकर भी ट्रेंड देखने को मिल रहा है। इसमें स्पॉट्स रिमूविंग, लिप सर्जरी का ट्रेंड भी अब शहर में बढ़ रहा है। स्किन को लेकर सबसे ज्यादा मेडिकल और ब्यूटी ट्रीटमेंट किए जा रहे हैं।



**नेचुरल इंग्रीडियंस पर भरोसा-** रूप चौदस पर पुराने दौर से ही उबटन लगाने की परम्परा है। ऐसे में कई घरों में अब तक हल्दी, चंदन और दूध से विशेष उबटन बनाकर लगाया जाता है। स्मृति सोनी का कहना है कि नेचुरल इंग्रीडियंस यानी आयुर्वेद त्वचा को निखार रहे हैं। अब कॉस्मेटिक में भी आयुर्वेद का ग्लो मिल रहा है।

# महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में स्टूडेंट्स ने बनाई लाइव पेंटिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** लाइव पेंटिंग में स्टूडेंट्स ने हुनर दिखाया। कार्यक्रम में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के अंतर्गत स्टूडेंट्स ने जागरुकता संदेश वाली पेंटिंग के साथ-साथ रंगोली और नृत्य प्रतियोगिता में कला के रंग दिखे। इस मौके पर संभागीय बाल भवन निर्देशक गिरीश बिल्लौरे, प्रमोद श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रभा मिश्रा, समिता जग्गी मौजूद रहीं।





# जम्पिंग बैली झूलों का लिया आनंद

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमबी एरिया के अंतर्गत कोबरा ग्राउंड, रिज रोड में दिवाली मेला लगाया गया। मेले का उद्घाटन जीओसी एमबी एरिया लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास, आवा की जोनल अध्यक्ष मीता दास ने किया। कार्यक्रम में सेना के रिटायर्ड रक्षा कर्मी और उनके परिवारजन शामिल हुए। इस दौरान जॉइंट व्हील, जंपिंग बेलीज, बाउन्सर, हार्स चक्री, कार चक्री, कोलंबस जैसे झूले का आनंद लिया। सभी ने इको फ्रेंडली पटाखों से सेफ दिवाली का संदेश दिया।

# दैनिक राशिफल

**शनिवार 11 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की चतुर्दशी। नक्षत्र- चित्रा।**

**मेष**
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**कर्क**
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ**
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

**सिंह**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

**मिथुन**
आपका शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या**
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

**तुला**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**मकर**
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**कुंभ**
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**धनु**
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**मीन**
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.

# ब्रोकेड पैटर्न, ट्राइबल प्रिंट लहंगे से मिलेगा ट्रेडिशनल लुक

**जबलपुर, देशबन्धु।** दिवाली परम्पराओं का त्यौहार है। ऐसे में लोगों का ड्रेसिंग भी ट्रेडिशनल से जुड़ा हो जाता है। त्यौहार में स्पेशल लुक के लिए लोगों की इन दिनों जमकर शॉपिंग चल रही है। दिवाली के लिए मार्केट में तरह-तरह के आउटफिट्स छाए हुए हैं। इस साल दिवाली पर प्योर ट्रेडिशनल लुक सिटी गर्ल्स के बीच हिट रहेगा। साड़ी से लेकर लहंगा तक फंक्शन की रौनक बढ़ाएगा।

**स्पेशल ब्रोकेड लहंगा-**मार्केट में दिवाली को लेकर स्पेशल ब्रोकेड लहंगे की बहार छाई हुई है। शॉर्ट कट ब्लाउज पैटर्न के साथ ब्रोकेड लहंगा फेस्टिवल सीजन में डिफरेंट लुक देगा। इसके साथ ही ट्राइबल प्रिंट गुजराती प्रिंट लहंगे लोगों द्वारा पसंद किए गए।

**ओवरसाइज झुमके-**दिवाली में ओवरसाइज झुमके लुक को स्पेशल बनाएंगे। ओवरसाइज मांग टीका, नोज पिन, झुमका और नेक लेस में ओवरसाइज का ट्रेंड नजर आएगा। मेकअप में शिमरी और ग्लिटरी पसंद किया जाएगा। इसमें आई मेकअप पर सिटी लेडीज और गर्ल्स फोकस करेंगी।

## दिवाली के लिए इंडो वेस्टर्न ड्रेसेज का दिखेगा फैशन

**लुक स्पेशल लुक-**सिटी गर्ल्स का कहना है कि वे दिवाली में लुक स्पेशल लुक क्रिएट करने की तैयारी में हैं। इसके चलते जहां मराठी और बांग्ला लुक पसंद किया जाएगा, वहीं राजपूताना लुक में लेडीज त्यौहार सेलिब्रेट करती नजर आएंगी। ज्योति अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने दिवाली के लिए राजपूताना पोशाक खरीदी है। यह उन्हें डिफरेंट लुक देगा।

**इंडो वेस्टर्न में दिखेंगी कमाल-**दिवाली में ट्रेडिशनल लुक फॉलो ना करते इंडो वेस्टर्न लुक पर भी फोकस किया जाएगा। इसके लिए मार्केट में क्राप टॉप के साथ शरारा और पलाजो विद जैकेट पैटर्न के ड्रेसेज खरीदे गए हैं। इसमें नो ज्वेलरी का कॉन्सेप्ट लुक को कम्पलीट करेगा।



# वृंदा फाउंडेशन ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली

**जबलपुर, देशबन्धु।** वृंदा फाउंडेशन ने आंगनबाड़ी में दिवाली पर्व पर रंगोली, चित्रकला, दिपक सजावट, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कई बच्चों ने सहभागिता कर अपनी प्रतिभा के हुनर बिखेरे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनकी प्रतिभा के लिए प्राइज भी बांटे गए। इस मौके पर कोई बच्चा कान्हा के रूप में, तो कोई राधा, कोई गांधी बनकर प्रतियोगिता में सहभागिता करने आएं। दियों को रंगबिरंगे और डिज़ाइनर बनाये गये थे चित्रकला में एक से बढ़कर एक बनायी गई, सभी को योग्यता अनुसार पुरस्कार बांटे गये। इस मौके पर सभी ने मिलकर दीपावली पर्व दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर सभी को मिठाई और गिफ्ट दिये गये। फाउंडेशन के सदस्यों और क्लब की प्रेसिडेंट शिवानी पांडेय ने बच्चों से कहा सावधानी से दिवाली मनायें, और प्रदूषण ना हो, इसका ध्यान रखने के लिए सभी को समजाईश दी गई। कार्यक्रम में 5 आगनबाड़ी के बच्चों के साथ आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताएं और सहायिकाओं सहित आंगनबाड़ी के आसपास की क्षेत्रीय महिलाएं और बच्चे इस दौरान मौजूद रहे।

# कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने बांटी पूजन सामग्री

**जबलपुर, देशबन्धु।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच के संयुक्त तत्वाधान में अंतिम पंक्ति गरीब असहाय मजदूर गणेश, लक्ष्मी जी प्रतिमा लाई, बताशा, पूजन सामग्री प्रदान कर उन्हें दीपावली की खुशियां प्राप्त हो प्रभु से कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित उमाशंकर अवस्थी, पंडित धनंजय बाजपेई ने संयुक्त रूप से कहा मानव सेवा ही जीवन को आदर्श बनाने के लिए सेवा ही एक मार्ग है, व्यक्ति समाज में स्थान बना सकता है, भगवान मार्गदर्शक हैं, हम केवल कर्म पथ अनुसरण करें, अन्य उपस्थित अध्यक्ष धनंजय बाजपेई, उमाशंकर अवस्थी, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, रमेश कोहली, डॉक्टर अरुण मिश्रा, सुधाकर मिश्र, रावेंद्र तिवारी, पवन गुप्ता, विजय साहू आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।



# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीरंग गोखले-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्रीरंग गोखले (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री चिरोंजी लाल बेन-** पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री चिरोंजी लाल बेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री उत्कर्ष जायसवाल-** विजय नगर निवासी डॉ. एमएल जायसवाल के पुत्र श्री उत्कर्ष जायसवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवानी गढ़ेवाल-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रदीप गढ़ेवाल की धर्मपत्नी श्रीमती शिवानी गढ़ेवाल (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।म संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुरूषोत्तम यादव-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री पुरूषोत्तम यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथरमें किया गया।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद सोनी-** भूकंप कॉलोनी लाल बिल्डिंग के निकट निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद सोनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद कुमार सिन्हा-** न्यू ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री अरविंद कुमार सिन्हा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री मेहरलता-** आसित अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री वायएल मुन्नीराज की पुत्री सुश्री मेहरलता (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा देवी राजपूत-** झामनदास चौक के पास लालमाटी निवासी श्री फूलचंद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा देवी राजपूत (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छुट्टन लाल अहिरवार-** ग्राम जिलहरी ग्वारीघाट निवासी श्री छुट्टन लाल अहिरवार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वैजंती बाई महोबिया-** लाल कुआं बागड़ा दफाई पोलीपाथर निवासी श्री मोहन लाल महोबिया की धर्मपत्नी श्रीमती वैजंती बाई महोबिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र सेन-** क्षीरसागर कॉलोनी मानेगांव रांझी निवासी श्री राजेंद्र सेन (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुखदेव महार-** सिद्धबाबा शुक्ला होटल निवासी श्री सुखदेव महार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय सिंह गौंड़-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री विजय सिंह गौंड़ (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बृजमोहन बर्मन-** चेरीताल हरदौल मंदिर के पास निवासी श्री बृजमोहन बर्मन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पूनम गिरी गोस्वामी-** गढ़ा पचमठा मंदिर के पास निवासी श्री पूनम गिरी गोस्वामी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शांता बाई पवार-** घड़ी चौक विजयनगर निवासी श्री नारायण पवार की धर्मपत्नी श्रीमती शांता बाई पवार (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# पाठ्यक्रम के अलावा कौशल ग्रहण करना वर्तमान की जरूरत : प्रो. एसके राव

## जनेकृविवि के एम. बी. ए. कृषि छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री को लेकर दिये गये टिप्स

**जबलपुर,देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के संचालक डॉ. मोनी थॉमस के मार्गदर्शन में लगातार किसानों एवं छात्र-छात्राओं के लिये नवाचार एवं स्टार्टअप संबंधी कार्य किये जा रहे हैं। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पूर्व कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. एस. के. राव ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में एम. बी. ए. कृषि के 43 छात्र - छात्राओं को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के विषय पर अपना उद्बोधन दिया। प्रो. राव ने अपने चार दशकों के अनुभवों के आधार पर छात्रों को सन्देश दिया कि पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विभिन्न कौशलों एवं विश्लेषणात्मक कौशल ग्रहण करना वर्तमान की जरूरत हैं। आपने छात्रों को आव्हान किया है, कि अनेक प्रकार की परिस्थितियों को समझना, समस्याओ का वर्गीकरण एवं प्राथमिकता के आधार पर सचेतना को आधार मानकर छात्रों को अध्ययन करना चाहिए।



प्रो. राव ने कृषि क्षेत्र में आपार संभावनाएं अवश्य है परन्तु अपने रूचि, कौशल एवं इडस्ट्री की मांग के अनुरूप स्वंय को उस परिपेक्ष्य में प्रस्तुत करना एक चुनौती हैं अन्यथा उपयुक्त प्लेसमेंट या जॉब एवं कौशल के अनुरूप पैकेज का न मिलना एक समस्या होती है। प्रो. राव ने केस स्टडी पर अधिक बल देने और विभिन्न केस स्टडीज को करने की सलाह दी।

इसी तरह से कार्यक्रम में सुश्री वृंदा बोरकर को-फाउंडर विनम्रो एग्रीटेक इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान का एम. बी. ए. के छात्रों से कंपनी को स्थापित करना, उसका विस्तार एवं प्रबंधन में आने वाली समस्याओं को विस्तार से समझाया। अपने अनुभवों से किये गए समाधान को छात्रों के साथ साझा किया। विनग्रो इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड पुणे, का वार्षिक टर्नओवर रु 29 करोड़ है और यह जवाहर राबी द्वारा स्थापित एक एग्री-स्टार्टअप है विनम्रो पुणे में किसानो के सहभागिता से उच्च गुणवत्ता की फल, सब्जी व अन्य उत्पाद को न्यूनतम कीमत को बड़े-बड़े रहवासी क्षेत्रों में सुलभ से उपलब्ध करता है। इस प्रक्रिया से किसानो के साथ- साथ उपभोक्ताओं और विनम्रो को भी लाभ मिलता है।

मोहम्मद असलम अली, नोटरीकर्ता ने भी एम. बी. ए. के छात्र छात्राओं को एग्रीमेंट एवं उससे जुडी न्यायिक प्रक्रियाओं से व्यावहारिक रूप से समझाया गया। श्री अली ने किसी भी प्रकार के अनुबंधन में किये जाने वाली प्रक्रिया की बारीकी से अवगत कराया। आपके दस्तावेज तैयार करने हेतु प्राथमिक जानकारी भी दी। छात्रों ने पूर्व अनुभव के आधार पर कई प्रश्न पूछे और अपनी शंका का समाधान किया।

स्वप्निल शेखर मुले एवं डॉ. जूही मल्लिक रेनैस्संस सुपरफूड्स प्राइवेट लिमिटेड नागपुर ने भी संस्था में एम. बी. ए. के छात्रों से चर्चा की। आपने बताया कि यह कंपनी मोरिंगा आधारित रेडी टू कन्जुम प्रोडक्ट का उत्पादन एवं विपणन करती है। श्री स्वप्निल अपनी उद्यमिता जीवन में विभिन्न बाधाओ एवं समस्याओं से एम. बी. ए. के छात्रों को अवगत कराया। स्वप्निल ने एम. बी. ए. के छात्रों उद्यम में संघर्ष और धैर्य का परिचय दिए जाने पर बल दिया। स्वप्निल ने छात्रों को अधिक से अधिक बाजार का अध्ययन एवं विश्लेषण को करने की सलाह दी ।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एम. बी. ए. के अंतिम वर्ष के छात्र ऋषभ पाटीदार ने किया। इस कार्यक्रम में संस्था के निदेशक डॉ मोनी थॉमस, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. लवीना शर्मा, श्रीमति लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, दीपांशु पटेल लवकेश पटेल ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई एवं एम. बी. ए. के छात्रों की सहभागिता रही है।



**जबलपुर,देशबन्धु।** स्टेशन जबलपुर में वाणिज्य मंडल प्रबंधक राजेश शर्मा के निर्देशानुसार स्टेशन मुख्य टिकट निरीक्षक अवधेश तिवारी के नेतृत्व में सुबह तथा दोपहर की दोनों पाली में पाली प्रभारी क्रमश: अजय भालेराव एवं सर्वेश चौबे ने स्टेशन टिकट चेकिंग स्टाफ, रामनरेश, श्रीमती अर्चना उपाध्याय, प्रीति,के साथ स्टेशन पर थूकने और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया और कुल 36 प्रकरण बनाते हुए रू 3600 की रेल आय अर्जित की। साथ ही यात्रियों को इस बारे में चेताते हुए स्वच्छ स्टेशन रखने हेतु प्रेरित भी किया जिसे अन्य यात्रियों ने भी सराहा।

## यात्री यातायात में पमरे ने लगभग 1400 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर देशबन्धु**। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अक्टूबर यानी सात माह में पमरे ने यात्री यातायात से 1393 करो? 04 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1186 करोड़ 79 लाख रूपये की तुलना में 17.38 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 1295 करोड़ 50 लाख रूपये टॉरगेट निर्धारित किया गया था, इस लक्ष्य को भी पार कर लिया है।

यात्री यातायात में रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं इनमे यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया।

त्यौहारी सीजन पर स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा हैं। यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

छोटे स्टेशनों पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकटों की सुविधा के लिए यूटीएस कम पीआरएस काउन्टर खोले जा रहे हैं।

इसके आलावा त्यौहार के समय स्टेशनों पर अतिरिक्त काउन्टर भी खोले जाते हैं।

अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा यात्री यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और आगे भी जारी रखेगा।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना रांझी में रात देवकी मरावी उम्र 45 वर्ष निवासी नानक नगर रांझी ने बताया कि वह घरेलू काम करती हूं, बीती दोपहर लगभग 2 बजे कुटरा भोंदी परियट थाना खमरिया अपनी ससुराल गयी थी, शाम लगभग 5 बजे बच्चों के साथ घर वापस आयी देखा गेट खुला था अंदर के दरवाजे का ताला एवं आलमारी का ताला टूटा था कपडे बिखरे पड़े थे सामान चैक करने पर आलमारी में रखा सोने का 1 हार, झुमकी, 2 अंगूठी, 1 मंगलसूत्र, गायब थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने के जेवर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 819/23 धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



इसी तरह थाना तिलवारा मे शाम प्रवीन कुमार गौतम उम्र 41 वर्ष निवासी बालकिशन प्रजापति के मकान के बाजू बड़ा पत्थर थाना तिलवारा ने बताया कि वह ईंट भट्टा का ठेकेदार है एवं ईंट भट्टे का काम करवाता है और स्वयं भी करता है। सुबह 7 बजे अपने काम पर निकल गया था, पत्नी व बच्चें घर पर थे सुबह 09 बजे चारों बच्चें रोज की तरह ठाकुर हरिसिंह मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल बिजौरी में पढ़ने चले गये एवं पत्नी सुनीता प्रजापति भी 11 बजे घर पर ताला लगाकर उसके पास ईट भट्टा के काम पर आ गई। दोपहर 01 बजे उसने लंच में अपने बच्चों को बिजौरी स्कूल में जाकर चाबी दे दी थी। बच्चें स्कूल छुट्टी होने के बाद घर आये तो बच्चों ने उसे शाम 04/35 बजे फोन लगाया और बताया कि गेट का ताला व घर का ताला टूटा हुआ है, वह तुरंत अपने घर पहुँचा और देखा तो घर का ताला टूटा , समान बिखरा हुआ तथा अलमारी खुली हुई थी।

लाकर में रखा सोने का हार, झूमकी, पांचाली, कान के टॉप्स, चाँदी का कडोरा, पायल, चूड़ी एवं नगदी रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर सोनें चांदी के जेवर चोरी कर लिया है, रिपोर्ट पर धारा 454, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना गोराबाजार अन्तर्गत अमर पासी पिता रेवाराम पासी उम्र 33 वर्ष निवासी तालाब के पास तिलहरी गोराबजार का एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय मे विचाराधीन है जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर को प्रेषित किया गया था जिससे सहमत होते हुये जिला दण्डाधिकारी जबलपुर द्वारा दिनॉक 15-9-23 को अमर पासी को जिला जबलपुर एवं जबलपुर से लगे सीमावर्ती जिले मण्डला, डिण्डौरी, सिवनी नरसिंहपुर कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि हेतु जिलाबदर किया गया था उक्त आदेश की तामीली करा दी गयी थी । आज दिनॉक 10-11-2023 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी अमर पासी तिलहरी मोड़ के पास रोड़ किनारे खडा है सूचना पर तत्काल दबिश देते हुये अमर पासी को पकडा, जिला बदर के आदेश का उल्लंधन करना पाया जाने पर अमर पासी के विरूद्ध धारा 188 भादवि एंव 14 म0प्र0 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

## मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना शहपुरा में आज दिनांक 10-11-23 की रात लगभग 00 बजे प्रेमलाल चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम अहरोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 9-11-23 की रात लगभग 10 बजे अपने घर से गुटखा लेने दुकान गया था दुकान से वापस लोटते समय पटैल मोहल्ला में गांव का जाहर पटैल मिला जो उससे खेत में काम करने के लिये कहने लगा, उसने कहा कि जहां पर ज्यादा मजदूरी मिलेगी वहीं पर मजदूरी करने जायेगा, इसी बात पर जाहर पटैल गाली गलौज कर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा हाथ में लिये हसिये से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी तभी जाहर पटैल का लड़का विकास पटैल तथा कालू पटैल आकर गाली गलौज कर हाथ मुक्कों से मारपीट किये मारपीट से उसके उंगली कंधे एवं सिर में चोट आ गयी मारपीट कर रूप से अपमानित करते हुये जान से मारने की धमकी दिये। रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)व्हीए एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## दीपावली में आतिशबाजी बिजली लाईन से दूर करें

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं, आमजनों से दीपोत्सव के दौरान बिजली लाइनों, बिजली उपकरणों, बिजली संसाधनों से दूर रहकर आतिशबाजी करने की अपील की है। कंपनी ने कहा कि बिजली तार, केबल, ट्रांसफार्मर आदि के पास या इनके नीचे पटाखे चलाने से हादसा हो सकता है, केबल पिघल सकती है, तार टूट सकते या अन्य परेशानी निर्मित हो सकती है। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता, आमजन लाइनों, ट्रांसफार्मरों, केबल से पर्याप्त दूरी पर ही पटाखे चलाए। लाइनों के नीचे विशेषकर अनार, राकेट आदि चलाने से बचा जाए। यह आमजन और बिजली संसाधनों की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। बिजली कंपनी की ओर से दीपोत्सव के दौरान अस्थाई विक्रेताओं से भी वैध कनेक्शन लेकर ही कारोबार करने की अपील भी की गई है ।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनय द्विवेदी के द्वारा कर्मचारियों और अधिकारियों को भी सुरक्षा नियमों के पालन एवं सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के साथ बिजली का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ।

## वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षकों को मिला नया ऑफिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्लेटफार्म न.1 पर वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षक कार्यालय का उद्घाटन पश्चिम मध्य रेल के प्रधान वित्त सलाहकार डॉ. नवल किशोर श्रीवास्तव द्वारा मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (यातायात), वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (निर्माण), उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (यातायात) के साथ लेखा विभाग के अन्य अधिकारी तथा वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षक उपस्थित थे। इस कार्यालय के खुलने से स्टेशन पर कार्यरत वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षकों को कार्य प्रणाली में सरलता आयेगी।

वरिष्ठ चल निरीक्षकों का कार्य स्टेशन पर रेलवे के वाणिज्य लेखों की आय से सम्बंधित अभिलेखों की नियमित एवं औचक जाँच करके अनियमितता को उजागर करना होता है एवं साथ ही वित्तीय हानि एवं राजस्व के आवर्ती रिसाव को रोकना होता है तथा इसकी सूचना वाणिज्य विभाग के साथ-साथ अपने कार्यालय को भी करना होता है।

इस कार्यालय के बन जाने से चल लेखा निरीक्षको को अपने कार्यो को पेशेवर ढंग से निपटान करने में सहजता आयेगी।

## रेलवे अधिकारी कर रहे हैं आय बढ़ाने का प्रयास

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा विभाग की आय बढ़ाने के लिए तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। पमरे के वाणिज्य विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि रैक पत्र आ रहे हैं उनको प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जाता है। जबलपुर मंडल की आरंभिक लादान को बढ़ाए उपलब्ध संसाधनों से पारदर्शिता को ध्यान रखते हुए वर्ष 2022-23 में किया गया रिकार्ड लदान इस बात का उदाहरण है। यातायात प्राथमिकता आदेश का पालन किया जा रहा है। इस बात की पुष्टि जबलपुर मंडल की आय से की जा सकती है।

## 2 पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना बरेला में रात बंटू बर्मन उम्र 28 वर्ष निवासी लालकुआ जमतरा ने बताया उसका गोलू बर्मन से विवाद हुआ था उसी बात को लेकर रात लगभग 8 बजे गोलू बर्मन डंडा लेकर उसके घर के सामने आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो गोलू बर्मन ने डंडे से हमलाकर माथा एवं आंख में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

## जुआ के फड़ पर छापा, 7 जुआरी गिरफ्तार, हजारों रूपये नगद जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर सिंह ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंदराखेड़ा में बिजली के खम्बे के पास कुछ जुआरी जुआ फड़ में हारजीत का दाव लगा रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते दिख जो पुलिस का देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमश: गोकुल अवस्थी, रमेश दास वैष्णव, संदीप साहू, निहाल चौहान, लखन चौधरी, धर्मेन्द्र पटैल सभी निवासी ग्राम कंदराखेड़ा, सोनू अहिरवार निवासी सिंधी केम्प सिद्धबाबा रोड हनुमानताल बताये, जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं नगद 3 हजार 120 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।





## रेलवे में उत्कृष्ट कार्य के लिए वाणिज्य विभाग ने कर्मचारियों को बांटे प्रशस्ति पत्र

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल में वाणिज्य विभाग के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में अपने कार्य के दौरान समर्पित होकर उत्कृष्ट कार्य करने एवं प्रशंसनीय कार्य करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के वाणिज्य विभाग में रेलवे को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान देने के लिए पुरस्कृत किया गया।

जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन द्वारा आज वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया. इस कार्यक्रम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह के साथ ही अन्य वाणिज्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## गिरवर गुड्स शेड में कर सकते हैं राउण्ड द क्लॉक लोडिंग/अनलोडिंग

### पमरे में अब कुल 41 गुड्स शेड में राउण्ड द क्लॉक सेवाएं उपलब्ध

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा अक्टूबर माह के दौरान जबलपुर मण्डल में कटनी-बीना रेलखण्ड के गिरवर गुड्स शेड से राउण्ड द क्लॉक गुड्स लोडिंग/अनलोडिंग की शुरुआत हुई। इस प्रकार पमरे में अब तक कुल 41 मालगोदामों में चौबीस घण्टे (राउण्ड द क्लॉक) सेवाएं उपलब्ध हुई।

पमरे के कुल 63 मालगोदाम तीनों मण्डलों में उपलब्ध है, जिनमें जबलपुर में 28, भोपाल में 20 एवं कोटा में 15 मालगोदाम हैं। जिसमें अब 41 मालगोदामों में दिन-रात चौबीसों घण्टे माल लोडिंग/अनलोडिंग की सुविधा मिलेगी। इस प्रकार अब जबलपुर में 24, भोपाल में 12 एवं कोटा में 05 मालगोदामों में राउण्ड द क्लॉक सेवाएं शामिल हैं। इसके आलावा 22 गुड्स शेड में कार्य के सोलह घण्टे (सुबह 06 बजे से रात 22 बजे तक) सेवाएं उपलब्ध हैं।

पश्चिम मध्य रेल के गुड्स शेडों में चौबीस घण्टे (राउण्ड द क्लॉक) की शुरुआत होने से गुड्स शेडों से इनवर्ट/आउटवर्ट माल यातायात का परिवहन बढा। माल यातायात की लोडिंग एवं अनलोडिंग में वृद्धि के साथ रेलवे राजस्व में वृद्धि हुई है। ज्यादा से ज्यादा माल यातायात की लोडिंग के लिए रैकों की उपलब्धता में भी बढ़ोत्तरी हुई है। माल यातायात की लोडिंग एवं अनलोडिंग की समय में भी इजाफा हुआ है।

पश्चिम मध्य रेल माल यातायात को बढ़ाने के लिए सभी मालगोदमों को चौबीस घण्टे (राउण्ड द क्लॉक) सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## दयोदय एक्सप्रेस 23 से 27 दिसंबर तक कोटा स्टेशन तक जाएगी

**जबलपुर,देशबन्धु।** उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल के फुलेरा-डेगाना जंक्शन रेल खण्ड पर फुलेरा-गोविंदी मारवा? स्टेशनों के मध्य प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य व फुलेरा यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किये जाने के चलते पमरे से प्रारंभ/टर्मिनेट तथा गुजरने वाली कुछ गा?ियों को निरस्त/आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस 23 से 27 दिसंबर 2023 तक कोटा स्टेशन से ऑरजिनेट/टर्मिनेट होगी।

**निरस्त होने वाली रेलगाड़ियाँ** -

1) गाड़ी संख्या 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस 27.12.2023 को तथा गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस दिनांक 28.12.2023 को एक-एक ट्रिप अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 12.12.2023 से 27.12.2023 तक (16 ट्रिप) तथा गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस दिनांक 13.12.2023 से 28.12.2023 तक (16 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**आंशिक निरस्त होने वाली रेलगाड़ियाँ** - गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस 23.12.2023 से 26.12.2023 तक (4 ट्रिप) जबलपुर-कोटा के मध्य चलेगी तथा कोटा-अजमेर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12182 अजमेर जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस 24.12.2023 से 27.12.2023 तक (4 ट्रिप) कोटा-जबलपुर के मध्य चलेगी तथा अजमेर-कोटा के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी ।

रेलवे ने यात्रियों से असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाडी की सही स्थिति प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## अवैध रूप से डीजल बेचने वाला होटल संचालक पकडा गया

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी भेडाघाट श्री प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि दोपहर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिण्डरई में पटैल चाय नास्ता की दुकान में अंकित लोधी नाम का लड़का कुप्पियों में डीजल रखकर बेचते हुये अवैध लाभ अर्जित कर रहा है एवं दुकान में तलवारें भी रखा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई पटेल चाय नाश्ते की दुकान में एक युवक कुप्पियों में डीजल रखकर बिक्री कर रहा था तथा डीजल कुप्पी के बाजू से 2 लोहे की तलवारें भी रखे हुये था दुकान संचालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अंकित लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई बताया जिसके कब्जे से प्लास्टिक की केन में 20 लीटर डीजल, अवैध डीजल बिक्री के 500 रूपये, एक पाईप, चुंगी, 2 तलवारें जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं 3, 7 ई सी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# बंजारी माता, चारोंधाम मंदिर गांधीग्राम में धूमधाम से मनाया जाएगा दीपोत्सव



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** धनतेरस से दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ धार्मिक त्यौहार के पावन अवसर पर गांधीग्राम स्थित प्रमुख मंदिरों में पूजन अर्चन कर दीप जलाया गया और आतिशबाजी कर पटाखे फोडे गए। इस कड़ी में आज मातारानी के साँचे दरबार में क्रमशः बंजारी माता मन्दिर में मातारानी को सुंदर आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। भक्तो की आस्था व विशवास का केन्द्र माँ बंजारी की स्थापना ग्राम के स्वर्गीय चन्दन सिंह गौर ने 1956 में करायी थी। माँ बंजारी माँ पौराणिक मान्यता अनुसार माँ बंजारी की मूर्ति में राक्षसराज शुम्भ निशुम्भ से माँ बंजारी को युद्ध के लिए ललकारा था।क्रोधित होकर माँ युद्ध के लिए दौड़ी तो राक्षस राज शुम्भ व निशुम्भ गिरि कन्दरा में प्रवेश कर गए।मातारानी व् राक्षसराज शुम्भ निशुम्भ का भीषण युद्ध हुआ। मातारानी ने राक्षस राज का वध कर वापस लौटी माँ के वापस विजयी मुद्रा का गिरी कन्दरा के अंदर स्वरूप मातारानी की मूर्ती में द्रष्टव्य है।क्षेत्र में शक्तिपीठ के रूप में स्थापित उक्त मन्दिर में धनतेरस के अवसर पर भक्तों ने पूजन अर्चन कर मंदिर में दीप जलाकर आतिशबाजी की। मंदिर समिति अध्यक्ष अरविन्द सिंह गौर, बसन्त तिवारी, सोनू कुररिया, शिवदत्त मिश्रा इस अवसर पर उपस्थित रहे।

दीपोत्सव पर्व पर रामजानकी मन्दिर गांधीग्राम में अष्टधातु निर्मित राम जानकी की मूर्तियो की नयनाभिराम प्रतिमा व दूधिया संगमरमर की चतुर्भुजी माँ की प्रतिमा को स्वर्णाभूषणो से सुसज्जित किया गया है। यहां पर बाजार स्थल व रामलीला मैदान में दीपोत्सव पर्व से ही बड़ी संख्या में बालक बालिका अपने परिवार के साथ एकत्रित होते हैं अष्टधातु की मूर्तियां राम जानकी लड्डू गोपाल,का पूजन अर्चन कर भगवान के दरबार में दीप जलाते हैं एवं बच्चे सामूहिक रूप से आतिशबाजी के पटाखे फोड़ते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, पुजारी पुनीत तिवारी ने दीपावली पूजन कार्यक्रम में भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

# मिठाई, कपड़े, स्वेटर व आतिशबाजी सामग्री पाकर खुशी से खिल उठे चेहरे

**पनागर,देशबन्धु।** हर्ष और उल्लास के पर्व दीपावली को अब कुछ ही दिन बाकी हैं। लेकिन यह त्योहार सभी के लिए खुशियां लेकर नहीं आता। यह कहना हैं युवा सेवा संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव का उन्होंने बताया कि गांव व शहर के गरीब बस्तियों में निवासरत गरीब लोग दीवापली को अच्छी तरह सेलिब्रेट कर सकें, इसके लिए उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ युवा सेवा संगठन नाम के एनजीओ की शुरुआत की , जो की लगातार हर वर्ष अलग-अलग क्षेत्र के गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करता है।

इस वर्ष संगठन द्वारा संचालित स्ट्रीट स्नेह स्कूल सरस्वाही वीरनेर के करीब 150 गरीब बच्चों को मिठाई, कपड़े, पेन,कॉपी एवं ठंड से बचने के लिए स्वेटर आतिशबाजी के साथ लक्ष्मी जी की फोटो, दीपक, पूजन सामग्री,लाई बतेशा की




सौगात पाकर खिलखिला उठे।

इस दौरान समाजसेवी अनुभा शर्मा ने कहा कि मानव जीवन कई पुण्य कर्म करने के बाद मिलता है इस मानव जीवन में हमें गरीब असहाय एवं निर्धनों की सहायता करते रहनी चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ियां आपको याद रखें। इस दौरान संगठन के सभी पदाधिकारी ने दीपावली की सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे आरती राना, अनुभा शर्मा बसुंधरा आन्या फाउंडेशन,मनोज यादव, नितेश तिवारी , हिमांशु कुमार, सागर लोधी डॉ दीपक वर्मा , संतोष कुशवाहा, अनिल यादव , एस. बी. निषाद , शिवम कुशवाहा, जैन सिंह, प्रदीप झारिया,शेखर यादव,आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## सार-समाचार

### भूमिजा इस्पात प्लांट मेढ़ी में काम करते वक्त मशीन के बेल्ट में फंसने से श्रमिक महिला की मौत, जांच के जुटी पुलिस



**मंडला, देशबन्धु।** औद्योगिक क्षेत्र मनेरी के मेढ़ी में भूमिका स्टील प्लांट में काम करते समय एक श्रमिक महिला की मौत होने का मामला सामने आया हैं वही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वंदना झरिया पति श्याम लाल उम्र ग्राम पोंडी की महिला है जो की बुधवार की दोपहर को उक्त फैक्ट्री पर भट्टी के पास मिक्कर (क्रेशर) मशीन पर काम कर रही थी तभी अचानक महिला की साड़ी कन्वेयर बेल्ट पर फस गई और सबसे पहले हाथ मशीन पर गया और वह चपेट में आ गई आनन फानन में महिला को जबलपुर के मोहन लाल हरगोविंददास हॉस्पिटल पर भर्ती कराया गया जिसके बाद महिला की मौत हो गई थी वही घटना की जानकारी मनेरी चौकी प्रभारी मानिक पटले और बीजा डांडी थाना प्रभारी वर्षा पटेल को कंपनी के मैनेजर द्वारा घटना के तीन से चार घंटे बाद जानकारी दी इतना ही देर शाम को परिजनों को भी सूचना दी गई जानकारी मिलते ही रात्रि पर थाना प्रभारी वर्षा पटेल और चौकी प्रभारी और मृतिका के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे वही बताया गया आक्रोशित ग्रामीण जन ओर महिला के परिजनों ने आज फैक्ट्री के सामने हंगामा कर दिया हैं परिजनों ने कंपनी पर सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं कहा की लगभग 125 श्रमिक उक्त फैक्ट्री पर कार्य कर रहे हैं परंतु सेटी के कोई इंतजाम नही हैं इससे पहले भी यहां हादसा हो चुके हैं वही घटना की जांच स्थानीय प्रशासन कर रहा है और परिजनों को समझने का प्रयास कर रहा हैं वही परिजनों ने मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की हैं।

### धनतेरस पर बाजार में भीड़, चहल पहल

**गोसलपुर, देशबन्धु।** धनतेरस के अवसर पर गोसलपुर में दुकानो में जमकर सजावट रही । यहां पर स्थानीय व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों के बाहर सजावज की है। साथ ही बाजारों में भी रौनक नजर आ रही है। उम्मीद के अनुसार इस बार धनतेरस के मौके पर लोग जमकर खरीददारी की। गोसलपुर के शोरूमों पर भी वाहनों की एडवांस बुकिंग की गई है।

### कलेक्टर ने 8 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 8 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। विधानसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। इन 8 आदतन अपराधियों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, अवैध शस्त्रों के उपयोग, लोगों को डराने-धमकाने तथा अन्य आपराधिक कृत्यों के कारण यह कार्यवाही की गई है। इन अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में धारा 294, धारा 323, धारा 506, धारा 341, धारा 323, धारा 34, 110 जाप्ता फौजदारी तथा अन्य धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बार-बार समझाइश के बावजूद इन अपराधियों के आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने रोशन गुप्ता उर्फ रोशन राक्स पिता विकास गुप्ता आयु 22 वर्ष निवासी अमहिया, शिवम सिंह उर्फ दिव्यराज सिंह परिहार पिता शिवराज सिंह परिहार आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम सिरखिनी, सचिन सिंह बघेल उर्फ छोटू पिता संतोष सिंह बघेल आयु 29 वर्ष निवासी ग्राम महसुआ तथा शनि सिंह उर्फ जय सिंह पिता दद्दू सिंह उर्फ वीरेन्द्र सिंह निवासी रायपुर कर्चुलियान को जिला बदर के आदेश दिए हैं।

# नागपुर से मंडला आ रही मजदूरों से भरी बस खड़े ट्रक से टकराई, 3 की मौत, 25 घायल

**सिवनी, देशबन्धु ।** जिले के केवलारी थाना क्षेत्र के खैररांजी गांव के पास शुक्रवार तड़के 3.30 बजे नागपुर से मंडला जा रही यात्री बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं 25 से अधिक घायल हो गए।घायलों को उपचार के मंडला व नैनपुर में भर्ती कराया गया है। बस में ज्यादातर मजदूर वर्ग के लोग सवार थे, जो त्योहर मनाने नागपुर से अपने गांव लौट रहे थे। हादसे पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

केवलारी थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया है कि विजयंत ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमएच 40 एके 6699 मंडला से नागपुर की ओर जा रही थी। 3.30 बजे केवलारी से करीब 20 किलोमीटर दूर खैररांजी गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 4170 में बस पीछे से टकरा गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस व ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हादसे में मौके पर ही मंडला जिले के तिजोरा बिछिया निवासी मनीष यादव (35), संतोष तेकाम (30) और विपिन नंदा (35) की मौत हो गई। सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने किसी तरह बस में फंसे यात्रियों को बाहर



निकाला। घायलों को 108 वाहन से मंडला जिले के नैनपुर व मंडला में उपचार के लिए भेजा गया।

## तेज रफ्तार थी बस

बस काफी तेज रफ्तार में दौड़ रही थी। वहीं बस में सवार यात्रियों के अनुसार सुबह होते समय करीब 3.30 बजे ट्रक के चालक को झपकी आ गई जिससे बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। केवलारी थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया है कि सुचना पर पुलिस को मौके पर पहुंचने में करीब 20 मिनिट लग गए।इस दौरान जिन यात्रियों को हल्की चोंटे आई थीं वे अन्य साधन से अपने गंतव्य की ओर चले गए। वहीं अन्य घायलों को पुलिस ने बस से निकालकर उपचार के लिए भेजा।बस में अधिकतर मजदूर वर्ग के लोग सवार थे जो मजदूरी करने नागपुर गए थे।यहां से वे त्योहार मनाने अपने गांव लौट रहे थे।

# धनतेरस पर खरीदारी से बाजार हुआ गुलजार

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में धनतेरस पर्व के पहले दिन बाजारों में काफी चहल पहल देखने को मिली। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रेडीमेड की दुकानों तक में धनतेरस को लोगों ने खरीदी की । वहीं सोने चांदी की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है।



## धार्मिक आस्था के अनुसार की खरीदी

इस अवसर पर पौराणिक मनीष त्रिपाठी एवम राघवेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि धनतेरस के दिन लोग धन-संपत्ति की प्राप्ति के लिए सोना-चांदी के अलावा बर्तन, वाहन, धनिया, शंख, घंटी, गोमती चक्र, कमलगट्टा आदि खरीदे ।

इसी प्रकार बहुत से धार्मिक आस्था वाले लोगों ने नए झाड़ू, धन-संपत्ति की प्राप्ति के लिए धनिया और धन के अलावा लोग शंख, घंटी, गोमती चक्र, कमलगट्टा आदि भी खरीदते हैं। इन वस्तुओं की खरीदारी से घर में धन-संपत्ति की वृद्धि होती है। इस दिन नए झाड़ू खरीदने का भी महत्व होता है। पौराणिक राघवेन्द्र त्रिपाठी,मनीष त्रिपाठी ने बताया कि लक्ष्मी की बहन लक्ष्मी झाड़ू लक्ष्मी की बहन अलक्ष्मी को प्रिय है। इससे घर से अलक्ष्मी विदा हो जाती है और घर की सारी नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकल जाती है। इससे घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। पान के पांच पत्ते खरीद कर घर लेकर आते हैं और फिर मां लक्ष्मी को चढ़ाते हैं। इससे धन-संपत्ति सुख प्राप्त होता है। इस प्रकार अपनी अपनी आस्था विश्वास के अनुसार लोगों ने खरीदी की।

# त्योहारों पर रहे सावधान कहीं सेहत न बिगाड़ दे मावा

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में त्योहारों के रंग को फीका करने के लिए मिलावट खोर सक्रिय हैं लेकिन आप को खरीददारी करते समय ही मिलावट की पहचान



करनी है आज उमरिया कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशन में गठित टीम के द्वारा जिले की फरुड इंस्पेक्टर खदय विभाग की टीम पाली नगर पहुंचते ही व्यापारीयो में अफरातफरी मच गई कुछ मिठाई प्रतिष्ठानों में तो संचालन कर्ता ताला ठोक निकल लिए वही निम्न मिठाई प्रतिष्ठानों एवं दुध डेरियों में गठित टीम ने छापा मार कार्यवाही की जिसमें मां बिरासती डेरी पुनम डेरी में दुध दही खोवा की नमूना परिक्षण कर सैम्पल लिए गए हैं वहीं सन्तोष अग्रवाल के होटल पहुंच बेसन के लडडुओ का एवं अग्रवाल स्वीट भंडार से नारियल मिठाई एवं वटरी के सैम्पल लिए गए और गंदगी पाएं जाने पर निर्देश दिए गए की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें के तहत कार्यवाही की गई वहीं मंजू वर्मा खदय अधिकारी ने बताया कि सामान खरीदते वक्त ही मिलावट की पहचान करनी है मिलावटी मावे से बनी मिठाई आपकी सेहत खराब करने के लिए काफी है इसके साथ ही मिलावट की जानकारी होने पर फौरन खाद्य विभाग को इसकी जानकारी दें जिससे विभाग के अधिकारी मिलावट सामान की जांच करने के बाद उस दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई कर सके।

# बाहय नाले से अस्थाई पुल हटाने कॉलोनी वासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 11 में नवनिर्मित कॉलोनी एवं वार्ड नंबर 12 की एक कॉलोनी से दूसरी कॉलोनी को जोड़ने के लिए बाहय नाले पर नगर पालिका द्वारा स्थाई पॉल को हटाने को लेकर शुक्रवार को पारस रेजिडेंसी कॉलोनी के निवासियों ने सुभागी अधिकारी राजस्व सिहोरा को ज्ञापन सौंपते हुए अस्थाई निर्मित पुल को हटाने की मांग की।

ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 12 स्थित पारस रेजिडेंसी कॉलोनी के बगल से एक नव निर्मित कॉलोनी का निर्माण किया गया है इस कॉलोनी के संचालक के द्वारा नगर पालिका को भ्रमित कर कुछ दस्तावेजों के तहत बाहय नाले पर पुल निर्माण करने की मांग की थी पर नगर पालिका सिहोरा द्वारा सीमेंट के ढोलकी डालकर अस्थाई पलकर निर्माण कर दिया गया जिस पर आपत्ति जताते हुए पारस रेजिडेंसी कॉलोनी के निवासियों ने सिहोरा अनुभवी अधिकारी राजस्व से मुलाकात कर ज्ञापन सोपा साथ ही उन्होंने बरसात के समय होने वाली समस्याओं को लेकर अपनी व्यथा भी सुनाई जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने कॉलोनी वासियों अस्वस्थ कर शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही।

**रातों रात बना दिया पुल**- पारस रेजिडेंसी कॉलोनी के निवासियों ने अनुभागी अधिकारी को बताया कि वार्ड नंबर 11 में एवन सिटी के नाम से एक नई कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है जिसमें भारी वाहनों के आवागमन के लिए परस रेसीडेंसी कॉलोनी से होकर एवन सिटी कॉलोनी तक भारी वाहनों के पहुंचने के लिए व्यवस्था की गई है लेकिन बीच में बाहय नाल अवरोध था जिस पर ह्ल1 सिटी के संचालक अकरम अंसारी द्वारा नगर पालिका से पुल निर्माण की मांग की थी जिस पर पूर्व में भी विवादास्पद होने के बाद नगर पालिका ने रोक लगा दी थी किंतु पुनः निर्माण कार्य शुरू होने पर मामला राजस्व विभाग को ज्ञात हुआ जिस पर सिहोरा तहसीलदार शशांक दुबे ने तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए दोनों पक्षों को 6 नवम्बर तारीख को तहसील न्यायालय में प्रस्तुत होने के निर्देश दिए थे लेकिन नगर पालिका प्रसाद द्वारा 6 नवंबर को ही निर्मित किए गए निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन लगाकर हटा दिया गया एवं रातों-रात अस्थाई पुल का निर्माण कर दिया गया जिस पर कॉलोनी वासियों ने आपत्ति जताते हुए अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा से तत्काल इस पर कार्यवाही की मांग की है।

# नल-जल योजना में लापरवाही से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा लाभ

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के पाली विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मलियागुडा में चल रही नल-जल योजना के तहत सरकार की महत्वपूर्ण योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा गांव गांव तक पेयजल मुहैया करवाने संकल्पित है वहीं जिला प्रशासन भी जल जीवन मिशन योजना को लेकर गंभीर है।

योजना में समीक्षा बैठक भी कलेक्टर उमरिया बीच बीच में ले रहे हैं गुणवत्ता को लेकर किन्तु ठेकेदार की मिलीभगत से मनमाने तरीके से कार्य को गति प्रदान की जा रही है जिसका परिणाम बहुत कम समय में सामने होगा जब से ठेकेदार ने मलियागुडा पंचायत में जलनल कार्य की शुरुआत की है ज्यादा मुनाफा के होड़ सी लगा कार्य में मनमाने तरीके से पेश हों रहें हैं जबकि इन योजनाओं में सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है कि लोगों को लाभ भरपूर मिले परेशान न हो लेकिन विभाग के अधिकारियों के साथ सांठगांठ होने के कारण निष्क्रियता कि परिणाम है यही वजह है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों को तय माप दण्डों के विपरित मनमाने तरीके से अंजाम दिया जा रहा है।



## एक एसडीओ के पास दो ब्लॉक

एक एसडीओ के पास दो ब्लाक करकेली ब्लाक और पाली दोनों ब्लाक के पंचायतों की बात करें तो लगभग 150 से ऊपर फिर कौन करे मौका निरीक्षण ये बात ठेकेदार को भी पता है की साहब तो हफ्तों बाद पहुंचेंगे फिर कौन रोक टोक करने वाला औरो की न सुननी है न माननी है फिर मन माफिक तरीके से अपनी गाईड लाईन अनुसार पाईप बिछाना गहराई करना अगर विभाग के वर्क आर्डर के अनुसार ठेकेदार के कार्य कि जांच की जाएं तो सब धरातल पर दिखेगा

## अभी भी नहीं खड़े हुए स्टैंड न लगी टोटी

स्टैंड अभी भी नहीं पहुंचे हितग्राहियों के घरों के सामने फिर कैसे होगा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना साकार सरकार की योजनाओं में पलीता लगाते दिखाई दे रहे विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार ग्रामीणों की मांग है कि उच्च अधिकारियों द्वारा कार्य का मौका निरीक्षण कर जांच कराई जाए एवं कार्यवाही की जाएं।

# निक्की हेली व रामास्वामी की लड़ाई और तीखी हुई

**वाशिंगटन, ( एजेंसियां )।** भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन उम्मीदवारों के बीच लड़ाई अब और तीखी हो गई है। पार्टी के भीतर तीसरी बहस में टेक उद्यमी विवेक रामास्वामी द्वारा दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली की बेटी का संदर्भ देने के बाद हेली ने भी उन पर जोरदार हमला करते हुए उन्हें 'महज गंदगी' की संज्ञा दी। मियामी में बुधवार को दोनों के बीच टिकटॉक पर अमेरिकी नीति और क्या इसके चीनी स्वामित्व के कारण देश में इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए विषय पर बहस हुई। 38 वर्षीय उद्यमी ने हेली का जिक्र किया और कहा पिछली बहस में उसने वास्तव में टिकटॉक में शामिल होने के लिए मेरा मजाक उड़ाया था, जबकि उसकी अपनी बेटी लंबे समय से ऐप का उपयोग कर रही थी, इसलिए आप शायद पहले अपने परिवार का ख्याल रखना चाहेंगी। इसके बाद हेली ने पलटवार करते हुए कहा, मेरी बेटी के बारे में बात मत करो, और जब रामास्वामी ने बोलना जारी रखा, तो उन्होंने उनसे कहा, तुम तो बस गंदगी हो। दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने भी बायोटेक उद्यमी की आलोचना करने के लिए बुधवार को अपने एक्स हैंडल का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, विवेक, मैं हील्स पहनती हूं।

# गजा पट्टी में संघर्ष विराम की मांग को लेकर न्यूयॉर्क में प्रदर्शन

■ फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के लगा रहे थे नारे



**न्यूयॉर्क, ( एजेंसियां )।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सैकड़ों प्रदर्शनकारी फिलिस्तीनी झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और गाजा में युद्धविराम की जोरदार मांग की। रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी 'फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्ट ले रखा था, जिस पर 'नेतन्याहू और बिडेन युद्ध अपराधी' और 'इज़रायल एक आतंकवादी देश है, जो खुले तौर पर नरसंहार कर रहा है' लिखा हुआ था। विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की इमारत से होकर गुजरा और फिर 42वीं स्ट्रीट के साथ डाउनटाउन मैनहट्टन की ओर मुड़ गया। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी झड़प या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि संरा के अनुसार, इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। यह संघर्ष 7 अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में हमला करने के बाद शुरू हुआ था।

## गजा में बाहरी शासन का विरोध करता है जॉर्डन : सफादी



**अम्मान।** जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा है कि जॉर्डन भविष्य में गाजा पट्टी में बाहरी शासन के किसी भी विचार का विरोध करता है। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि गाजा का भविष्य फिलिस्तीनियों को खुद तय करना चाहिए, लेकिन इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष की समाप्ति के बाद क्षेत्र के प्रशासन की संरचना अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। पेट्रा समाचार एजेंसी के हवाले से सफादी ने कहा कि जॉर्डन अरब या गैर-अरब बलों के माध्यम से युद्ध के बाद गाजा प्रशासन की किसी भी बात को खारिज करता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों के अधिकारों की प्राप्ति और उनके स्वतंत्र राज्य के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए एक राजनीतिक समाधान और व्यापक तथा न्यायपूर्ण शांति की आवश्यकता है। उल्लेखनीय की हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल में घुसकर तथा रॉकेटों के जरिए हमला किया था, जिसमें 1400 लोग मारे गए थे । इसके बाद इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमला करने शुरू कर दिया, जिसके कारण अब तक 10 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

## इजरायल, फिलिस्तीन को निपटान प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत : हिलेरी



ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोल रही थी हिलेरी

**मॉस्को, (एजेंसियां)।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और फिलिस्तीन को समझौता प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत है। सुश्री हिलेरी ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कहा, आपको ऐसा माहौल बनाना होगा जिसमें शांति प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का मौका हो। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि किसी भी प्रकार के शांति समझौते, विशेष रुप से इजरायल और फिलिस्तीनियों के नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मानना है कि हमास इजरायल के विनाश में रुचि रखता है और इसलिए किसी भी संभावित सौदे का पक्ष नहीं हो सकता है, उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दो-राष्ट्रों के समाधान के लिए भागीदार हो सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अक्टूबर में इजरायल की सत्तारूढ़ पार्टी लिकुड के सदस्यों का हवाला देते हुए बताया कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के बढ़ने के बीच श्री नेतन्याहू सत्ता में नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 07 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। 27 अक्टूबर को, इज़रायल ने हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी के अंदर बड़े पैमाने पर जमीनी घुसपैठ शुरू की।

## आज का इतिहास

1208- ओत्ता वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
1745- चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
1818- मलक्का में रॉबर्ट मॉरिसन ने एंग्लो-चीनी कॉलेज (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की।
1836: चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1839- अमेरिका में पहले राजकीय सैन्य कॉलेज वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना की गयी।
1852- वेस्टमिंस्टर का नया पैलेस लंदन में खोला गया।
1880- ऑस्ट्रेलियाई बैंक लुटेरे बुश्रृंगेर नेड केली को मेलबर्न में फांसी दी गयी।
1888 - स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का सऊदी अरब में जन्म।
1888- प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ जे. बी. कृपलानी का हैदराबाद (सिंध) में जन्म।
1889- वाशिंगटन को अमेरिका का 42वां प्रांत घोषित किया गया।
1918: पोलैंड ने खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
1930- एल्बर्ट आइंस्टीन को 'आइंस्टीन रेफ्रीजरेटर' के अविष्कार का पेटेंट दिया गया।1934- ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में युद्ध में सेवाएं देने वालों के सम्मान में 'द श्राइन ऑफ रिमेंबरेंस'खोला गया।

## सुडोकू 6373

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**



# रूस ने डोनेट्स्क में आठ हमलों को विफल किया

यूक्रेन ने 145 सैनिकों को खोया'

**मॉस्को,** (एजेंसियां)। रूस के वोस्तोक समूह की सेनाओं ने दक्षिण डोनेट्स्क की दिशा में यूक्रेनी सेना की ओर से किए गए आठ हमलों को नाकाम कर दिया है, जिसके कारण यूक्रेन ने 145 सैनिक और सैन्य उपकरण खो गए हैं। समूह के प्रवक्ता ओलेग चेखव ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, दक्षिण डोनेट्स्क की दिशा में वोस्तोक समूह की सेनाओं की इकाइयों ने तोपों के जरिए नोवोमीखाइलिव्का और निकोल्स्के, उरोज़ाइन तथा स्टारोमायोर्स्के के उत्तर में आठ हमलों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, यूक्रेन ने 145 सैनिकों, सैन्य वाहनों और दो रडार स्टेशनों को खो दिया। उन्होंने कहा कि रूसी कामिकेज़ ड्रोन लैंसेट ने पोलैंड निर्मित स्व-चालित ट्रैक गन-होवित्जर एएचएस क्रैब पर भी हमला किया है।

## बाल यौन-संबंधी मामले में भारतीय मूल का गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क** (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कोलोराडो में पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने एक बड़े गुप्त अभियान में बाल यौन संबंधित मामले में 56 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मेसा काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ग्रांड जंक्शन शहर के अंशकालिक निवासी योगेश पटेल को बाल वेश्यावृत्ति कराने और एक बच्चे की प्रताड़ना करने को लेकर गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि 28 से 68 वर्ष की आयु के 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। यह सभी बाल यौन शोषण या दुर्व्यवहार अपराधों से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे हैं। इन पर बाल वेश्यावृत्ति कराना, एक बच्चे पर यौन उत्पीड़न का प्रयास करना और संरक्षण देने का प्रयास करना शामिल है। शेरिफ कार्यालय ने कहा, ऑपरेशन में शामिल सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियां चाहती हैं कि ये गिरफ्तारियां उन लोगों के लिए एक चेतावनी के रूप में काम करें जो जानबूझकर कम उम्र के बच?चों को यौन कृत्यों के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस साल अगस्त में 47 वर्षीय ब्रैंडन बॉरेट को 13 वर्षीय लड़की का यौन शोषण करने के लिए 25 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।



# नेपाल में भूकंप पीड़ितों के लिए पतंजलि बना सहारा

## पीड़ित परिवारों के जीवन यापन के लिए राहत सामग्री रवाना

**हरिद्वार।** नेपाल के विनाशकारी भूकंप में सैकड़ों लोगों की जीवनलीला समाप्त हो गई परन्तु इस प्राकृतिक आपदा के कारण जिनका जीवन संघर्षमय हो गया है उनके लिए तो हम कुछ कर ही सकते हैं। हमें आपदा पीड़ितों के लिए आगे आना चाहिए और यथा सम्भव सहयोग करना चाहिए। इसी भाव से पतंजलि आपदा के समय नेपालवासियों का सहारा बनकर सामने आया है। पतंजलि के द्वारा नेपाल में भूकंप पीड़ितों के सहायतार्थ जरूरी सामान तथा खाद्य सामग्री लेकर आठ ट्रक रवाना किए गए हैं। पदार्था स्थित पतंजलि फूड पार्क से पतंजलि के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज तथा महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने झण्डी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पतंजलि पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि पहले भी प्राकृतिक आपदाओं के समय पतंजलि मानवता की सेवा के लिए सामने आया है। बिहार बाढ़, पूर्व में नेपाल भूकंप, केदारनाथ आपदा आदि प्राकृतिक आपदाओं में पतंजलि ने पीड़ितों का दर्द साझा किया है।

इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि आपदा के समय सबसे बड़ी चुनौती पीड़ितों के जीवन यापन हेतु दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराना होती है। पतंजलि इस संकट की घड़ी में नेपाल के भूकंप पीड़ितों का सहारा बना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पतंजलि ने लगभग 50 टन राहत सामग्री के रूप में टैण्ट, कम्बल, बर्तन, आटा, चावल, दालें, तेल, नमक, मसाले, साबुन, तिरपाल इत्यादि रवाना किए हैं। ज्ञात हो कि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी राहत सामग्री के वितरण हेतु स्वयं नेपाल प्रवास पर हैं। उन्होंने स्वयं आपदाग्रस्त क्षेत्र में पहुँचकर पीड़ितों का हाल भी जाना।

## पुतिन कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से बातचीत करने पहुंचे

**अस्ताना।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आधिकारिक दौरे पर अस्ताना पहुंचे, जहां वह अपने कजाख समकक्ष कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ बातचीत करेंगे और एक अंतरक्षेत्रीय सहयोग मंच में भाग लेंगे। श्री पुतिन कजाकिस्तान के नेता के निमंत्रण पर अस्ताना का दौरा कर रहे हैं। श्री टोकायेव ने स्वयं हवाई अड्डे पर अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पहले कहा था कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने सहयोग के सभी क्षेत्रों पर की तुलना करने की योजना बनायी है, उन्होंने कहा कि इनमें आपसी निवेश भी शामिल है।

## वर्ग पहेली 6373



**बायें से दायें:-**
१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**
१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

## वर्ग पहेली-6372



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ दिवाली मनाई

■ मूल रूप से पंजाब से संबंध रखने वाले हैं सुनक



**लंदन,** (एजेंसियां)। दिवाली से पहले, ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और पत्नी अक्षता मूर्ति ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने आधिकारिक आवास पर हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर प्रकाश पर्व मनाया।

सुनक के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज रात प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अंधकार पर प्रकाश की विजय के उत्सव दिवाली से पहले डाउनिंग स्ट्रीट में हिंदू समुदाय के मेहमानों का स्वागत किया। इस सप्ताह के अंत में पूरे ब्रिटेन और दुनिया भर में मना रहे सभी लोगों के लिए शुभ दिवाली! प्रधानमंत्री कार्यालय ने कार्यक्रम की तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें सुनक को अपनी पत्नी के साथ पारंपरिक दीपक जलाते और बाद में मेहमानों का स्वागत करते और शुभकामनाएं देते दिखाया गया।

पिछले साल सुनक भारतीय मूल और हिंदू समुदाय के ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने एक ऐसा ब्रिटेन बनाने, जहां हमारे बच्चे और हमारे पोते-पोतियां अपने दीये जला सकें, इस काम में मैं जो कुछ भी कर सकता हूं करने का संकल्प लिया।

# फिलिस्तीन को तीन गुना ज्यादा सहायता देगा स्पेन

**मैड्रिड, ( एजेंसियां )।** स्पेन ने 2023 में फिलिस्तीन को दी जाने वाली सहायता में तीन गुना की वृद्धि करने की योजना योजना बनाई है। स्पेन के कार्यवाहक विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने यह जानकारी दी है। इससे पहले लक्ज़मबर्ग में यूरोपीय संघ की विदेश मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि स्पेन की सरकार ने फ़िलिस्तीन के निवासियों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाकर 2.1 करोड़ यूरो कर दी है और निकट भविष्य में इस राशि को दोगुना करने की तैयारी की जा रही है। श्री अल्बेरेस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हमने गाजा पट्टी में मानवीय संकट के बीच फिलिस्तीनी लोगों के लिए 2.6 करोड़ यूरो की राशि में एक नया सहायता पैकेज तैयार किया है। हम फिलिस्तीन के साथ सहयोग को तीन गुना करेंगे। हम 2023 में 4.85 करोड़ यूरो प्रदान करेंगे।

राजनीति | *विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भाजपा महिला बिग्रेड ने मोर्चा संभाला*

# राजस्थान में भाजपा का परचम फहराने पहुंची यूपी की महिला शक्ति

**लखनऊ, (एजेंसियां)। राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भाजपा महिला बिग्रेड ने मोर्चा संभाल रखा है। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बाद इनकी अहमियत पार्टी ने और बढ़ा दी है। राजनीतिक जानकर कहते हैं कि 'नारी वंदन अधिनियम' के बाद से महिलाओं की भूमिका को भारतीय जनता पार्टी ने बढ़ाया है।**

इसी कारण राजस्थान में प्रदेश की तकरीबन 39 महिला पदाधिकारियों को पार्टी का परचम बुलंद करने के लिए मैदान में उतारा गया है। भाजपा के जानकार बताते हैं कि भाजपा राज्य की सत्ता में बैठी अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार पर हमलावर हो रही है। भाजपा एक तरफ गहलोत सरकार पर हमलावर है तो दूसरी तरफ पार्टी बूथ स्तर तक संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी 20-20 घंटे काम कर रहे हैं। दिल्ली और जयपुर से बूथ स्तर तक चुनाव अभियान की मॉनीटिरंग की जा रही है। विपक्ष में बैठी भारतीय जनता पार्टी राज्य की सत्ता पर काबिज होने के लिए हर चक्रव्यहू की रचना कर रही है। राजस्थान में हजारों की संख्या में प्रवासी कार्यकर्ता राजस्थान की भूमि पर पहुंचे हैं और भगवा रंग को जमाने एवं कमल खिलाने का काम कर रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा ने राजस्थान चुनाव में यूपी की महिला पदाधिकारियों को कैंपेन करने के लिए लगाया है। उत्तर प्रदेश से 39 महिला पदाधिकारी राजस्थान की अलग-अलग विधानसभाओं में घूम रही हैं और पार्टी का प्रचार कर रही हैं। इन महिला पदाधिकारियों को जनसंपर्क अभियान, शक्ति केंद्रों और बूथों पर कैंपेन का काम दिया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को प्रमुख रूप से राजस्थान चुनाव में लगाया गया है। उन्हें जयपुर जिला मिला है। डॉ. अंतुल तेवतिया झोटवाड़ा विधानसभा में चुनाव प्रचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृ शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है।



महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त करने का काम पीएम मोदी ने किया है। मातृशक्ति के साथ साथ आमजन का उत्साह देखकर स्पष्ट है कि झोटवाड़ा सहित सम्पूर्ण प्रदेश में भाजपा प्रचंड मतों से विजय होने वाली है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुसुम अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा रमा गुप्ता, मोदीनगर से विधायक डॉ. मंजु सिवाय, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा दीपमाता संतोषी, पुष्पा सिंह (बुलंदशहर), सहारनपुर से प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा नूतन शर्मा को लगाया गया है। इनके अलावा पूरे उत्तर प्रदेश से प्रवासी महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता राजस्थान पहुंचे हैं और अलग-अलग विधानसभाओं में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। कानपुर की विधायक नीलिमा कटियार, काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा नम्रता चौरसिया, विधायक सीतापुर आशा मौर्य, विधायक बहराइच सरोज सोनकर, लखनऊ से सुमन शुक्ला, देवरिया की रीतू शाही और प्रयागराज से आकांक्षा सोनकर, क्षेत्रीय अध्यक्ष, महिला मोर्चा ब्रज मधुलिका राधव समेत अनेक लोग शामिल हैं।

# खेल जगत

## प्रसिद्ध कृष्णा अपार संभावनाओं वाले एक रोमांचक खिलाड़ी हैं : शेन बॉन्ड

**नागपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2008 चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के नवनियुक्त सहायक कोच और तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा एक रोमांचक क्रिकेटर हैं, जिनमें खेल में उत्कृष्टता हासिल करने की अपार संभावनाएं हैं। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की टीम में हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाए जाने से पहले, कृष्णा ने नागपुर में हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में रॉयल्स के ऑफ-सीजन प्रशिक्षण शिविर के दौरान बॉन्ड के तहत काम किया था। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलते हुए कृष्णा ने 17 वनडे मैचों में 29 विकेट लिए हैं, इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए खेला। जब भारत ने अगस्त में टी20 के लिए आयरलैंड का दौरा किया और सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच खेला तो वह पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण लंबी छुट्टी से लौटे।



# न्यूजीलैंड के रचिन और वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को पुरुष वर्ग में और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने शुक्रवार को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार में चयन होने वाले खिलाड़ियों की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अक्टूबर माह में विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ। वहीं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

आईसीसी ने न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को भारत में चल रहे क्रिकेट विश्व कप 2023 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में रचिन ने अहमदाबाद में गत चैंपियन इंग्लैंड पर नौ विकेट की शुरुआती दिन की जीत में नाबाद 123 रन बनाकर जल्द ही सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ (51) और भारत के खिलाफ (75) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 गेंदों में 116 रन की शतकीय पारी खेली। कुल मिलाकर उन्होंने अक्टूबर में खेले गये अपने छह मुकाबलों के दौरान 81.20 की औसत से 406 रन बनाए है।

आईसीसी ने महिला वर्ग में वेस्टइंडीज की मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलिया में टी -20 मैचों में शानदार प्रदर्शन के इस पुरस्कार से नवाजा गया है। उत्तरी सिडनी में पहला मैच आठ विकेट से हारने के बावजूद कप्तान मैथ्यूज ने शीर्ष क्रम में नाबाद 99 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया एलिसा हीली का बेशकीमती विकेट भी लिया। मैथ्यूज ने इसके बाद यकीनन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत के लिए 213 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए 64 गेंदों (20 चौकों और पांच छक्कों) में नाबाद 132 रन बनाकर बेथ मूनी के विकेट लेने के बाद एक आकर्षक जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम मुकाबले में 79 रन अर्धशतक लगाया, जिससे महीने का अंत 155 की औसत से श्रृंखला में 310 रन बनाये।

23 वर्षीय बल्लेबाज रवींद्र न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने इस विश्व कप से पहले सिर्फ 12 वनडे मैच खेले थे और उन्होंने विश्व कप के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाकर लोगों का ध्यान अपनी और खींचा था। फिर नीदरलैंड्स (51) और भारत (75) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसके बाद उन्होंने धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में भी शानदार शतक जमाया। उन्होंने 89 गेंदों में 116 रन बनाए. कुल मिलाकर, रवींद्र ने 81.20 की औसत से 406 रन बनाए।

पुरस्कार मिलने पर रवींद्र ने कहा, मैं यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत आभारी हूं। यह व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक विशेष महीना रहा है। भारत में विश्व कप खेलना वास्तव में विशेष रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के समर्थन से मुझे बहुत मदद मिलती है। आप बहुत स्वतंत्रता के साथ क्रीज पर जाकर अपना स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं। सौभाग्य की बात यह है कि विकेट वास्तव में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं, जो मेरे खेल के अनुकूल है। मैथ्यूज ने कहा, मैं अक्टूबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड प्राप्त करने के लिए बहुत आभारी हूं। मुझे वेस्टइंडीज की जर्सी पहनना पसंद है। हर बार जब मैं मैरून और गोल्ड पहनती हूं, तो यह निश्चित रूप से एक अतिरिक्त परत जोड़ता है जहां आप मैदान पर जा सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, न केवल अपने लिए और टीम के लिए, बल्कि यह जानने में कि क्रिकेट कैरेबियाई लोगों के लिए कितना मायने रखता है और यह लोगों को एक साथ कितना ला सकता है।



## एलन डोनाल्ड छोड़ेंगे बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच का पद

**पुणे।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने मौजूदा 2023 पुरुष वनडे विश्व कप में टीम के अभियान के बाद बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। डोनाल्ड को जुलाई 2022 में इस भूमिका के लिए नियुक्त किया गया था और टीम के साथ उनका आखिरी मैच शनिवार को एमसीए स्टेडियम में अपने अंतिम विश्व कप लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। एलन डोनाल्ड ने कहा कि शुरू में उन्हें एक साल के विस्तार से कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के कारण उन्होंने यह पद छोड़ने का फैसला किया। विश्व कप के दौरान मैंने मौखिक रूप से अनुबंध स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मैंने कोई अनुबंध साइन नहीं किया लेकिन मैं एक साल के विस्तार के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए ढाका वापस जाने के लिए तैयार था। मैं इसे पूरा करने और देखने के लिए उत्साहित था कि हम इस तेज गेंदबाजी समूह को और भी आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने डोनाल्ड के हवाले से कहा, विश्व कप में मेरे पास इस पर विचार करने के लिए समय था। मैंने सोचा था कि 12 महीने एक लंबा समय लगता है। कार्यक्रम बहुत व्यस्त दिखता है।

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में न्यूजीलैंड, अमेरिका और इटली से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड,अमेरिका और इटली से भिड़ेगी। प्रतियोगिता में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और भारत पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, जिसमें भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं।



ओलंपिक क्वालीफायर के पूल चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में हर दूसरी टीम से एक बार भिड़ेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 18 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान का मैच 19 जनवरी को होगा। टूर्नामेंट में तीन सर्वश्रेष्ठ टीमे पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर जायेंगी।

भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। विरोधी टीमों की रैंकिंग हमें परेशान नहीं करती। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारत आने वाली सभी कठिन टीमों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने जुलाई में जर्मनी से खेला था, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला किससे है।

मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने सविता के आत्मविश्वास को दोहराते हुए कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 से बहुत कुछ सीखने को मिला, जहां वे जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के खिलाफ अपराजित रहीं।

उन्होने कहा बहुत सी चीजें हमारे लिए अच्छी रहीं, लेकिन हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। हमें अनावश्यक कार्डों से बचना होगा और अपने रेफरल का बेहतर उपयोग करना होगा। इस टूर्नामेंट ने दिखाया कि हम एक कठिन टीम हैं। इसलिए, हम खुद पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, सुधार के तरीकों की तलाश करेंगे और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 245 रनों का लक्ष्य

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान ने शुक्रवार को आईसीसी विश्वकप के 42वें मुकाबले में अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 245 रनों बनाने का लक्ष्य दिया है।



नरेंद्र मोदी स?टेडियम में आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत ठीक रही, उसके सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। नौंवे ओवर की पहली गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज 25 रन के रूप में अफगानिस्तान को पहला झटका लगा। वह महाराज की गेंद पर क्लासन को कैच थमा बैठे।

उसके बाद 10ओंवर में जदरान 15 रन को कोएत्जी ने डि कॉक के हाथों कैच आउट करा दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी दो रन पर महाराज ने डि कॉक के हाथों कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। 25 ओवर में रहमत शाह 26 एनगिडी का शिकार बने। इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। इकराम अलीखिल 12 रन, मोहम्मद नबी दो रन, राशिद खान 14 रन, नूर अहमद 26 रन, मुजीब उर रहमान आठ रन, नवीन उल हक दो रन बनाकर आउट हुए। अजमतउल्लाह उमरजई 107 गेंदों में 97 रन बनाये। वह तीन रन से विश्वकप में अपना शतक बनाने से चूक गये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 244 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीकी की ओर से गेराल्ड गोएत्जी ने चार विकेट लिये। वहीं महाराज और एनगिडी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। फेहलुकवायो को एक विकेट मिला।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |

# मैक्सवेल के लिए पिछले कुछ दिन काफी व्यस्त रहे : विटोरी

**पुणे।** अफगानिस्तान पर शानदार जीत के बाद नाबाद 201 रनों की पारी खेलने के बाद ग्लेन मैक्सवेल को अब भी दर्द महसूस हो रहा है और गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि मैक्सवेल पिछले कुछ दिन बड़े हिट लगाने के लिए काफी व्यस्त रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शनिवार सुबह पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ है और मैक्सवेल, जिन्हें पांच बार के चैंपियन को रोमांचक जीत दिलाने के दौरान शरीर में ऐंठन हो गई थी, ने अभी तक मैच के लिए अभ्यास नहीं किया है, जो वास्तव में एक बेकार रबर है। ऑस्ट्रेलिया ने अपना सेमीफाइनल स्थान पक्का कर लिया है। वह निश्चित रूप से पिछले कुछ दिनों से पूरी तरह से रिकवरी मोड में है। हम सभी ने पारी का प्रभाव देखा और विशेषकर गर्मी का। तो, आज एक बड़ा दिन है, देखें कि वह कैसे आगे बढ़ता है। लेकिन जाहिर तौर पर हमें कुछ दिनों की छुट्टी मिली थी इसलिए कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ। वह आज यहां नहीं है लेकिन हम देखेंगे कि दिन चढ़ने के साथ वह कैसा महसूस करता है। लेकिन जाहिर तौर पर पिछले कुछ दिन उनके लिए काफी व्यस्त रहे हैं। यह वैसा ही होगा जैसा वह महसूस करता है - मुझे नहीं लगता कि यह फिटनेस परीक्षण



परिदृश्य होगा। विटोरी ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम समझते हैं कि जाहिर तौर पर अब जबकि सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता में निश्चित है, तो यह उसी की ओर एक कदम होगा। उसके पास मैच से कुछ समय दूर रहने के बाद भी बहुत तेजी से वापसी करने में सक्षम होने का ट्रैक रिकॉर्ड है। इसलिए, यह इस पर निर्भर करेगा कि दिन कैसा गुजरता है और फिर कोई निर्णय लेना चाहिए। दिन का खेल होने के कारण, शायद इसका मतलब है कि आज रात वे फैसला करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के अपने पहले मैच के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट को लाने पर भी विचार कर सकता है, और शनिवार के मुकाबले के लिए कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड में से किसी एक को आराम दे सकता है। मुझे लगता है कि अगर आप शुरू से ही उन तीन तेज गेंदबाजों को कम समय में नौ गेम तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं, तो हम हमेशा यह मानते हैं कि यह एक कठिन चुनौती होगी। इसलिए शॉन हमेशा उनमें से एक के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में तस्वीर में था।

न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर विटोरी ने कहा, तो मुझे लगता है कि यह एक बार फिर से समीकरण में आ जाएगा, मुझे लगता है कि बस इस बात पर विचार करना होगा कि हर कोई इन पिछले कुछ दिनों में कैसे गुजरता है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ खेल खेलने की कोशिश का मामला होगा - यह ऐसा मामला होगा कि उन तीन तेज गेंदबाजों में से एक को थोड़े ब्रेक की जरूरत है। स्पिन-गेंदबाजी विभाग के संदर्भ में, लेग स्पिनर एडम ज़म्पा टूर्नामेंट में आठ मैचों में 19.20 की औसत से 20 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

स्पष्ट रूप से चोटों और बीमारी के कारण वास्तव में खेलने में सक्षम होना बहुत कठिन शुरुआत थी। संभवत- पहले तीन मैच कुछ हद तक खराब थे - खैर यह एक अद्भुत प्रयास था क्योंकि मुझे लगता है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ हटने के काफी करीब था। टॉस से ठीक पहले तक फिटनेस टेस्ट. इसलिए, उसे आगे बढ़ते हुए देखना शुरुआती बिंदु रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि उनकी लंबाई पर उनका नियंत्रण सबसे अच्छा रहा है जो मैंने इस अवधि में देखा है, खासकर उन तीन मैचों के दौरान जहां उन्होंने लगातार चार विकेट लिए और फिर इंग्लैंड के खिलाफ, मुझे लगता है कि उनकी लंबाई पर नियंत्रण है।

## सार संक्षेप

### क्रिस लिडल को इंग्लैंड का महिला प्रदर्शन तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (डब्ल्यूसीबी) ने क्रिस लिडल को इंग्लैंड महिला टीम का परफॉर्मेंस तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। लिडल नॉर्थम्पटनशायर से आए हैं, जहां वह सहायक मुख्य कोच और प्रमुख तेज गेंदबाजी कोच थे। इंग्लैंड टीम के साथ उनका पहला कार्य अगले महीने भारत दौरे पर होगा। क्रिस लिडल ने कहा, मैं नॉर्थम्पटनशायर को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहता हूं। मैंने क्लब में अपने समय और खिलाड़ियों तथा सभी बैकरूम स्टाफ के साथ काम करने का भरपूर आनंद लिया है। पिछले कुछ वर्षों में व्यक्तियों के विकास और टीम की सफलता को देखना और उसका समर्थन करना बहुत अच्छा रहा है। खासकर टी20 क्रिकेट में गेंदबाजी आक्रमण की विकेट लेने की क्षमता में सुधार के साथ। मैं सैड्स (जॉन सैडलर) और टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इंग्लैंड महिलाओं के साथ जुड़ना अविश्वसनीय रूप से रोमांचक समय है। मैं वास्तव में शुरुआत करने के लिए उत्सुक हूं। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में लिडल ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में तेज गेंदबाजों की मांग बढ़ी है और मैं उन्हें लंबे समय तक सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम होना चाहता हूं। 39 वर्षीय लिडल ने पिछले दो वर्षों से लंदन स्पिरिट महिला कोचिंग टीम के साथ काम किया है और नॉर्थम्पटनशायर के साथ अपनी भूमिका के तहत ऑफ-सीज़न के दौरान सनराइजर्स टीम के साथ भी काम किया है।

### श्रीलंका के खराब प्रदर्शन का कारण है निरंतरता की कमी : क्रिस सिल्वरवुड

बेंगलुरु। न्यूजीलैंड से पांच विकेट की हार के साथ विश्व कप 2023 में श्रीलंका का अभियान समाप्त होने के बाद मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड टूर्नामेंट में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का कारण टीम में निरंतराता की कमी बताई। 1996 का चैंपियन श्रीलंका पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका था और उसे गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के हाथों टूर्नामेंट में सातवीं हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर रहा। श्रीलंकाई टीम के कोच ने कहा, मुझे लगता है कि निरंतरता ही हार का कारण है।

# विश्व कप में लहरा रहा है एडम जम्पा का परचम

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के गतिशील स्पिनर, एडम ज़म्पा, मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में एक महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरे हैं, उन्होंने गेंद के साथ अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है और बल्ले से भी बहुमूल्य योगदान दिया है। उनकी सफलता की यात्रा 2021 में दुबई में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से शुरू होती है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहला टी20 विश्व कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दुबई में ज़म्पा के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने, 5.81 की प्रभावशाली इकॉनमी दर से 13 विकेट लेकर, उन्हें प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया के पसंदीदा स्पिनर के रूप में स्थापित किया। मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी प्रतिष्ठा और भी मजबूत हुई है, जहां उन्होंने पहले ही आठ मैचों में 20 विकेट ले लिए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। लेग स्पिनर को टूर्नामेंट में एक चुनौतीपूर्ण



क्षण का सामना करना पड़ा, चेन्नई में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालाँकि, उनका लचीलापन सामने आया और बाद के मैचों में, ज़म्पा ने एक सनसनीखेज बदलाव की पटकथा लिखी। श्रीलंका के खिलाफ, शुरुआत में 21 ओवरों में 1-145 के आंकड़े के साथ संघर्ष करने के बाद, उन्होंने उल्लेखनीय वापसी की और 69 ओवरों में 9.66 के प्रभावशाली औसत से 20 विकेट हासिल किए। निर्णायक मोड़ श्रीलंका के खिलाफ मैच में आया, जहां ज़म्पा के चार विकेट ने मैचों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसने एक सिलसिले की शुरुआत की जहां उन्होंने निम्नलिखित चार विश्व कप मैचों में लगातार तीन या अधिक विकेट लिए, इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वनडे विश्व कप के इतिहास में पहले व्यक्ति के रूप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया। 2019 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की निराशा पर विचार करते हुए, ज़म्पा ने एक दिवसीय विश्व कप खिताब जीतने की तीव्र इच्छा व्यक्त की। उनके दृढ़ संकल्प और शानदार प्रदर्शन ने न केवल ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलाने में योगदान दिया है, बल्कि उन्हें आईसीसी वनडे रैंकिंग में भी बढ़त दिलाई है, जिससे वह वर्तमान में इस प्रारूप में तीसरे सर्वश्रेष्ठ वनडे गेंदबाज हैं। ज़म्पा ने आईसीसी से कहा, आपको विश्व कप जीतने का मौका अक्सर नहीं मिलता है। हम अभी भी उस विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं जो हमने कुछ साल पहले (2021) जीता था और उस भावना को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने 2019 विश्व कप से निराश थे और वह कैसे समाप्त हुआ और हमारे पास अभी भी एक दिवसीय विश्व कप जीतने की तीव्र इच्छा है।

कप्तान पैट कमिंस को ज़म्पा के रूप में न केवल बीच के ओवरों में बल्कि महत्वपूर्ण डेथ ओवरों में भी एक शक्तिशाली हथियार मिला है। ज़म्पा की बल्लेबाजों को पढ़ने और उसके अनुसार अपनी विविधताओं को अपनाने की क्षमता ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण विकेट लेने में सहायक रही है। ज़म्पा की निरंतरता 2022 की शुरुआत से उनके प्रदर्शन से रेखांकित होती है, जहां वह 29 मैचों में 65 विकेट के साथ एकदिवसीय क्रिकेट में अग्रणी विकेट लेने वालों में से एक हैं।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण / हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू आनंद नगर कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एम.आई.जी 11-74 श्री मोहम्मद अब्दुल करीम कादरी पिता श्री अब्दुल रहीम कादरी के नाम आवंटित है आवंटी श्री मोहम्मद अब्दुल करीम कादरी पिता श्री अब्दुल रहीम फादरी की मृत्यु दिनांक 26.11.2016 को हो गई है एवं आवंटी श्री मोहम्मद अब्दुल करीम कादरी पिता श्री अब्दुल रहीम कादरी द्वारा मण्डल के साथ किये गये अनुबंध में एवं पंजीकृत वसीयत मामा दिनांक 02.05.2012 मे अपने पुत्र श्री मोहम्मद शरीफ खान कादरी को नामिनी नियुक्त किया गया था। आवटी के पुत्र श्री मोहम्मद शरीफ खान कादरी ने उक्त संपत्ति को नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन / भूखण्ड के हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर न्यू आनंद नगर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी 11-74 श्री मोहम्मद शरीफ खान कादरी पिता स्व. श्री मोहम्मद अब्दुल करीम कादरी के नाम हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत (सामान्य शाखा)
**खुली निविदा शुद्धिपत्र**

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम लोकेशन सहित | शुद्धि |
|---|---|---|
| जबल/एल/टी नं. 23/2023, दिनांक 31.10.2023 | जबलपुर मंडल में टीआरडी डिपो और टावर वैगन शेड की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र का प्रावधान | सुधार के साथ नया निविदा दस्तावेज अपलोड किया गया |

*वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## सुडोकू 6373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

SENSEX BSE 64904.68 ▲ 72.48 19425. 35 ▲ 30.05 MCX Gold 59830 ▼ 452 silver 70650 ▼ 563

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रिकॉर्ड गिरावट के साथ बंद हुआ रुपया

नयी दिल्ली । भारतीय रुपया शुक्रवार को रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गया क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में उछाल से एशियाई मुद्राओं पर दबाव बढ़ा। गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.34 के स्तर पर बंद हुआ, यह रुपये में गिरावट के साथ रिकॉर्ड क्लोजिंग है। रुपये में 0.07प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले गुरुवार को रुपया 83.28 पर बंद हुआ था। बीते एक हफ्ते में स्थानीय मुद्रा की इकाई में 0.2प्रतिशत की गिरावट आई। एक नवंबर को रुपया 83.2950 रुपये प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के दौरान 83.42 रुपये के स्तर पर पहुंच गया।



## आईपीईएफ बैठक के लिए 13 से अमेरिका दौरे पर पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए 13 से 16 नवंबर तक अमेरिका के सैन-फ्रांसिस्को का दौरा करेंगे। इस दौरान गोयल इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के साथ आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में समझौते पर बातचीत करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि वह दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए व्यापार जगत के लोगों, प्रमुख शिक्षाविदों, अमेरिकी अधिकारियों आदि के साथ भी बातचीत करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक वाणिज्य मंत्री 13 और 14 नवंबर को तीसरी व्यक्तिगत आईपीईएफ मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे, जिसमें वार्ता की प्रगति पर महत्वपूर्ण बदलाव नजर आने की संभावना है। मंत्रालय के मुताबिक वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की बैठक में हिस्सा लेंगे। एपीईसी की बैठक 15 और 16 नवंबर को प्रस्तावित है। इस बैठक में भारत को अतिथि देश के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पीयूष गोयल अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई और अन्य आईपीईएफ भागीदार देशों के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62000 चांदी रिफाइन - 73450

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62000 चांदी रिफाइन - 73450


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.34 |
| एक यूरो | 89.02 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.87 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.97 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-114 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# धनतेरस पर 27 हजार करोड़ रुपये का बिका सोना



*__नई दिल्ली।__ धनतेरस के मौके पर पूरे देश के बाजारों में गजब की रौनक नजर आ रही है. धनतरेस से शुरू हुए पंचदिवसीय दीप महोत्सव के त्योहारों बाजारों में उत्साह है. तो ट्रेडर्स फेडरेशन के मुताबिक धनतरेस पर मौके पर पूरे देश में जोरदार कारोबार देखने को मिला है, 27,000 करोड़ रुपये के सोने या उसकी ज्वेलरी की लोगों ने खरीदारी की है.*

**30,000 करोड़ रुपये के बिके सोने-चांदी** - ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डसमीथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि धनतरेस पर सोने-चांदी और अन्य कीमती नस्तुओं का लगभग 30,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है. सोने और सोने की ज्वेलरी के सेल्स का आंकड़ा 27,000 करोड़ रुपये का रहा है. 3,000 करोड़ रुपये के करीब चांदी या उसके सामानों की बिक्री हुई है. पिछले वर्ष 2022 में धनतेरस सोने-चांदी का 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था.

**41 टन सोने की बिक्री** - 2022 में सोने के दाम 52000 रुपये प्रति 10 ग्राम था जबकि उस बार यह 62000 रुपये प्रति 10 ग्राम में मिल रहा है. चांदी पिछली दिवाली पर 58000 रुपये किलो के भाव पर बिका था जो इस वर्ष 72,000 रुपये प्रति किलो पर है. एक अनुमान के मुताबिक आज धनतेरस पर देश मे लगभग 41 टन सोना और तकरीबन 400 टन चांदी के गहने ओर सिक्के की बिक्री हुई है.

**देशभर में 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार** - ट्रेडर्स फेडरेशन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के एक अनुमान के मुताबिक देश भर में धनतरेस के मौके पर 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार हाने का अनुमान हैं, जबकि केवल राजधानी दिल्ली में ही 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार होने का अनुमान है. कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि बाजारों में गजब की रौनक नजर आ रही और लोग सोने - चांदी के साथ श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी जी, श्री कुबेर जी की मूर्तियां अथवा चित्रों को खरीद रहे हैं. बर्तन, रसोई के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुएं सहित झाड़ू खरीदने को शुभ माना जाता है तो इसकी भी भारी मांग है. दिवाली के लिए मिट्टी के दीये, बंदनवार, घर एवं ऑफिस को सजाने की वस्तुओं, फर्निशिंग फैब्रिक, दिवाली पूजन सामग्री भी बिक रहा है.

## गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी, अक्टूबर में आए 841 करोड़ रुपये

अनिश्चित समय के दौरान सुरक्षित निवेश माने जाने वाले गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की ओर निवेशकों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। उन्होंने अक्टूबर में इन निवेश योजनाओं में 841 करोड़ रुपये निवेश किये, जबकि इससे पिछले महीने में यह आंकड़ा 175 करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार भी बढ़ गया। दिवाली धनतेरस के मौके पर सोने और चांदी की खरीदारी शुक्रवार को सकारात्मक रुख के साथ शुरू हुई। सोने की कीमतों में नरमी के साथ उपभोक्ता मांग में सुधार के चलते इसमें तेजी हुई। गौरतलब है कि भारत सोने का दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। मॉर्निंगस्टार इंवेस्टमेंट एडवाइजर इंडिया के विश्लेषक और शोध प्रबंधक मेल्विन सैंटारिटा ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिका में ब्याज दर में बढ़ोतरी की आशंका, मुद्रास्फीति के उच्च स्तर पर बने रहने और वृद्धि दर धीमी होने के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक सोने से जुड़े ईटीएफ में पिछले महीने 841 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि सितंबर में यह 175.3 करोड़ रुपये था।

## धनतरेस पर निवेशकों ने जमकर की शेयरों की खरीदारी, हरे निशान में बंद हुआ सेंसेक्स - निफ्टी



*__मुबंई__ । दिवाली पर शेयर बाजार पर होने वाले मुहूर्त ट्रेडिंग से एक दिन पहले कारोबारी सत्र में शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुआ है. धनतरेस के मौके पर सुबह से बाजार में उतार चढ़ाव देखा जा रहा था.लेकिन दिन के ट्रेडिंग खत्म होने से पहले बाजार में धनकरेस पर निवेशकों की खरीदारी के चलते बाजार में तेजी लौटी. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 72 अंकों के उछाल के साथ 64,904 अंकों पर बंद हुआ है.*

जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30 अंकों के उछाल के साथ 19,425 अंकों पर बंद हुआ है.

**सेक्टर का हाल** - आज के कारोबार में बैंकिंग, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स, एनर्जी, कमोडिटी, ऑयल एंड गैस, सेक्टर के स्टॉक्स में तेजी रही. जबकि आई, ऑटो, मीडिया हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है. आज के सत्र में मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में रौनक रही. निफ्टी में दोनों ही इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 13 शेयर तेजी के साथ और 17 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी 50 शेयरों में 30 शेयर तेजी के साथ और 20 गिरावट के साथ बंद हुए.

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 22 प्रतिशत का उछाल

## मौजूदा वित्त वर्ष में अब तक 10.60 लाख करोड़ रुपये आए सरकार की झोली में

*__नई दिल्ली।__ मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 22 फीसदी के उछाल देखने को मिला है. एक अप्रैल से 9 नवंबर 2023 की अवधि 10.60 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन रहा है.मौजूदा वित्त वर्ष के लिए बजट में तय लक्ष्य का 58 फीसदी प्रत्यक्ष कर सरकार की झोली में आ चुका है.*




सीबीडीटी ने डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन का प्रॉविजनल डेटा जारी किया है जिसके मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में 9 नवंबर, 2023 तक डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में स्थिर ग्रोथ देखने को मिला है., डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 12.37 लाख करोड़ रुपये रहा है जो कि बीते वित्त वर्ष के मुकाबले 17.59 फीसदी ज्यादा रहा है. टैक्सपेयर्स को जो रिफंड जारी किया गया है उसे छोड़ दें तो नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 10.60 लाख करोड़ रुपये रहा है जो कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 में समान अवधि के मुकाबले 22 फीसदी ज्यादा रहा है. सीबीडीटी के कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 2023-24 के बजट अनुमान का 58.15 फीसदी रहा है

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में कॉरपोरेट इनकम टैक्स में 7.13 फीसदी का उछाल देखने को मिला है. जबकि पर्सनल इनकम टैक्स में 28.29 फीसदी का उछाल रहा है. अगर सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स को इसमें जोड़ दें तो कुल पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन में 27.98 फीसदी का उछाल रहा है.

टैक्सपेयर्स को जारी किए गए रिफंड के एडजस्टमेंट के बाद कॉरपोरेट इनकम टैक्स कलेक्शन में 12.48 फीसदी और पर्सनल इनकम टैक्स के कलेक्शन में 31.77 फीसदी का उछाल रहा है. और एसटीटी को इसमें शामिल कर दें ग्रोथ रेट 31.26 फीसदी रहा है. इनकम टैक्स विभाग ने इस दौरान एक अप्रैल से 9 नवंबर 2023 के बीच 1.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी कर दिया है.

# अक्टूबर में तिपहिया वाहनों की हुई रिकॉर्ड बिक्री, दोपहिया वाहनों की बिक्री 20 फीसदी बढ़ी



*__नई दिल्ली।__ त्योहारी सीजन में मजबूत मांग की बदौलत अक्टूबर में यात्री वाहनों बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 16 फीसदी उछलकर 3,89,714 इकाई रही है। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 20 फीसदी बढ़कर 18,95,799 इकाई पर पहुंच गई।*

वाहन निर्माताओं के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अक्टूबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 16 फीसदी उछलकर 3,89,714 इकाई रही है, जबकि पिछले साल अक्टूबर में 3,36,330 इकाई की बिक्री हुई थी। इस दौरान सबसे अधिक 76,940 तिपहिया वाहनों की आपूर्ति की गई, जबकि पिछले साल 54,154 इकाइयों की आपूर्ति की गई थी। इस तरह यह संख्या से 42 फीसदी अधिक है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 20 फीसदी बढ़कर 18,95,799 इकाई पर पहुंच गई, जो पिछले साल समान अवधि में 15,78,383 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यात्री तथा तिपहिया वाहनों दोनों ने अक्टूबर में अभी तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। दोपहिया वाहन खंड ने भी अक्टूबर, 2023 के महीने में अच्छी बिक्री दर्ज की। उन्होंने बताया कि सभी तीन खंडों ने दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है। अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार की अनुकूल नीतियों और त्योहारी सीजन से मुमकिन हो पाया है। यह वृद्धि गति उद्योग के लिए उत्साहजनक है।

# विश्व बाजार में बढ़ी बासमती चावल की मांग, निर्यात में इस साल भी उछाल

*__नई दिल्ली__ । बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग के कारण बासमती चावल का निर्यात लगातार तीसरे साल बढ़ रहा है। वैश्विक बाजारों में लंबे दाने वाली प्रीमियम बासमती किस्मों की बढ़ती कीमतों से व्यापारियों और किसानों को पर्याप्त मुनाफा हुआ है।*



कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्यात आंकड़े भारत के बासमती चावल के विकास पथ को रेखांकित कर रहे हैं, जिसमें साल दर साल निर्यात और व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। साल 2021-22 और 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि के बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चावल के व्यापार में 71 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है। इस अवधि में चालू वित्त वर्ष में बासमती का निर्यात 18,310.35 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। देश से 20.10 लाख मीट्रिक टन निर्यात हुआ है। इसकी तुलना में, 2022-23 की इसी अवधि में 18.75 एलएमटी की शिपिंग के साथ 15,452.44 करोड़ रुपए का बासमती चावल निर्यात हुआ। इसी तरह, 2021-22 में, भारत ने 17.02 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिससे 10,690.03 करोड़ रुपए की आय हुई। गेहूं, गैर-बासमती चावल और चीनी निर्यात पर सरकार के प्रतिबंधों के कारण भारत के कृषि निर्यात में व्यापक गिरावट के बावजूद बासमती के निर्यात में वृद्धि हुई है।

**एक्सपोर्ट में पर्याप्त वृद्धि का अनुमान** - ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने वैश्विक चावल उत्पादन के लिए आशावादी दृष्टिकोण की रिपोर्ट दी है, जिसके 54.225 मिलियन टन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसका मुख्य कारण भारत और ब्राजील दोनों में बेहतर पैदावार है। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विजय सेतिया ने कहा कि बासमती चावल का निर्यात बढ़ रहा है और बढ़ती मांग के कारण व्यापारी अत्यधिक सक्रिय हैं। हम इस वर्ष पर्याप्त वृद्धि की आशा करते हैं, जो मध्य पूर्वी देशों से ऑर्डरों में वृद्धि से रेखांकित होता है।

**बासमती धान के दाम में क्यों आया उछाल** - हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख बासमती उत्पादक राज्यों में चल रही धान की फसल बासमती उत्पादकों के लिए विशेष रूप से आकर्षक रही है। पारंपरिक बासमती की कीमतें 6,000 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक हैं जबकि पूसा 1121, 1718 और मूछल जैसी अन्य प्रीमियम किस्मों को 4,500 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास दाम मिल रहे हैं। 23 अक्टूबर को लंबे अनाज वाले बासमती चावल के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को 1,200 डॉलर प्रति टन से घटाकर 950 डॉलर प्रति टन करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद देश के उत्तरी हिस्सों के अनाज बाजारों में बासमती धान की कीमतों में अचानक उछाल आया।

## व्योम ठक्कर निभायेंगे 'अटल' में नन्हें अटल का किरदार



*__मुबंई__ । एण्डटीवी के आगामी शो 'अटल' में नन्हें अटल की भूमिका को लेकर इंडस्ट्री में जारी अटकलों पर विराम लगाते हुये चैनल ने नवोदित बाल कलाकार व्योम ठक्कर को इस प्रमुख किरदार को निभाने के लिये चुने जाने की घोषणा की है।*

विभिन्न बाल कलाकारों द्वारा 300 से भी ज्यादा ऑडिशन्स के बाद, प्रोडक्शन टीम ने व्योम को नन्हें अटल का किरदार निभाने के लिये चुना है। व्योम नन्हें अटल के रूप में स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन के उन महत्वपूर्ण वर्षों को दर्शायेंगे, जिन्होंने उन्हें भारत के एक सबसे प्रमुख प्रधानमंत्री के रूप में गढ़ा। भारत में ब्रिटिश शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की कहानियां दिखाई जायेंगी और उन घटनाओं, मान्यताओं एवं चुनौतियों पर रौशनी डाली जायेगी, जिन्होंने उन्हें एक लीडर के रूप में उनके भविष्य को आकार दिया।

महज सात साल की छोटी सी उम्र में ही अटल वाजपेयी परिवार की पांचवी संतान हैं। परिवार में उनके तीन बड़े भाई, एक शादीशुदा बहन एवं दो छोटी बहनें और भी हैं। वह एक अनूठे विचारक हैं और उनके अंदर काफी जिज्ञासा एवं सवाल हैं। वह पराधीनता के अर्थ और उस समय के स्वतंत्रता सेनानियों एवं नेताओं की पसंद जैसे मुद्दों पर विचार करते हैं। अटल की मां उनके सभी सवालों का जवाब देती हैं और उनके जिज्ञासु मन को मार्गदर्शन प्रदान करती है।

## मौजूदा आर्थिक विकास दर पर्याप्त रोजगार सृजण के लिए है नाकाफी : रघुराम राजन

*__नई दिल्ली__ । भारतीय अर्थव्यवस्था जिस रफ्तार से मौजूदा समय में विकास कर रही है उससे पर्याप्त संख्या में रोजगार का सृजण करना संभव नहीं है. दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले इस देश को पर्याप्त संख्या में रोजगार पैदा करने के लिए सालाना 8 से 8.5 फीसदी की दर से आर्थिक विकास करना होगा.ये कहना है भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का.*



**युवाओं को रोजगार की दरकार** - चीन की राजधानी बीजिंग में वीडियो लिंक के जरिए अपने संबोधन में रघुराम राजन ने कहा कि देश की आबादी की जरूरतों और रोजगार की आकांक्षों को पूरा करने के लिए ये जरूरी है कि भारत 8 से 8.5 फीसदी के दर से विकास करे. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा दौर की 6 से 6.5 फीसदी आर्थिक विकास दर दूसरे देशों के मुकाबले बेहतर नजर आती है. लेकिन हमें जितनी संख्या में रोजगार की जरूरत है उस हिसाब से आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है. रघुराम राजन ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की बड़ी आबादी है जिन्हें रोजगार की आवश्यकता है.

**भारत को बनना होगा मैन्युफैक्चरिंग पावर** - पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा कि चीन और वियतनाम जैसे देश जो मैन्युफैक्चरिंग पावर है उनके साथ मुकाबले करने के लिए भारत को अपने वर्कफोर्स को बेहतर तरीके से तैयार करना बेहद जरूरी है. उन्होंने भारत में आईफोन के प्रोडक्शन का हवाला देते हुए कहा कि भारत वैल्यू चेन को बेहतर करने में जुटा है और उसके नतीजे भी दिखने लगे हैं. लेकिन मोबाइल हैंडसेट की पूरी तरह मैन्युफैक्चरिंग करने के मामले में भारत को अभी काफी लंबा सफर तय करना होगा. उन्होंने कहा कि चिप मैन्युफैक्चरिंग के मामले में चीन का इंवोशन शानदार रहा जिसमें भारत बहुत पीछे है.

**इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार ने बढ़ाया खर्च** - रघुराम राजन ने कहा कि हम महामारी से रिकवर कर रहे हैं और भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर विकास के संकेत दे रही है. उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे पर सरकार अब ज्यादा खर्च कर रही है, बैंकों के बैलेंसशीट की सफाई और अपर मिडिल क्लास की ओर बेहतर डिमांड के चलते विकास में तेजी नजर आ रही है.


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

चुनाव प्रचार
चुनाव हेतु प्रचार एनाऊंसमेंट गीत रिकार्डिंग बनवाने अंतिम समय
सम्पर्क- अमित परनामी (उद्घोषक) आवाज स्टूडियो, जबलपुर
मो.नं. 7000837560 9329995050


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# वेयर हाउस संचालिका के विरुद्ध एफआइआर व वसूली पर रोक

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिए वेयर हाउस संचालिका के विरुद्ध एफआइआर व वसूली पर रोक लगा दी। साथ ही प्रमुख सचिव उपभोक्ता संरक्षण सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। इसके लिए छह सप्ताह का समय दिया है। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए लगा। इस दौरान याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी फिरोज बेगम की ओर से अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता वेयर हाउस संचालित करती हैं। उन्होंने मूंग की खरीदी की थी। शासन ने मूंग की खरीदी के लिए नारी शक्ति, आजीविका ग्राम संगठन, मझौली को अधिकृत किया था। मूंग खरीदी प्रक्रिया में गुणवत्ता की जांच सहित समस्त जवाबदेही सोसायटी की होती है। 13 दिसंबर, 2023 को कलेक्टर जबलपुर ने मूंग के उपार्जन में लापरवाही रेखांकित करते हुए वसूली व एफआइआर के निर्देश जारी कर दिए। याचिकाकर्ता के वेयर हाउस में 10799 बोरी मूंग रखी थी, जिसकी कीमत चार करोड़ 18 लाख बताई गई। जबकि सोसायटी ने याचिकाकर्ता के वेयर हाउस की मूंग अन्य वेयर हाउस में रख दी थी। अनुविभाग अधिकारी द्वारा नियुक्त समिति ने मूंग की मात्र सही पाई थी। जो राशि किसानों को भुगतान की गई थी, उसकी पूरी मात्रा याचिकाकर्ता के वेयर हाउस में पाई गई थी। इसके बावजूद उसे लपेटे में लिया गया।



**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 80
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 110
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 114
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 84
मुर्गा जम्बो - रु. 78
मो.-9039925000, 9425800409

## रानी कमलापति-दानापुर के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** दीपावली एवं छठ पर्व के त्यौहारी सीजन के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति से दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 14 एवं 21 नवम्बर 2023 (मंगलवार) को रानी कमलापति स्टेशन से 14.25 बजे प्रस्थान कर, 15.27 बजे नर्मदापुरम से प्रस्थान कर, 16.10 बजे इटारसी से, 17.22 बजे पिपरिया से, 18.14 बजे गाडरवारा से, 18.45 बजे नरसिंहपुर से, 19.35 बजे जबलपुर पहुंचकर, 19.45 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी। तत्पश्चात 20.25 बजे सिहोरा रोड से प्रस्थान कर, 21.05 बजे कटनी से प्रस्थान कर, 21.50 बजे मैहर से, 22.40 बजे सतना से प्रस्थान करके अगले दिन प्रात: 08.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।
























































